www.sutrakarsamachar.com
सब्सक्राइब करें
वर्ष : 60, अंक : 110
रांची, सोमवार
22 अप्रैल 2024
पेज -08, मूल्य : 3 रुपया
चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत, 2081

सच का पैरोकार

# सूत्रकार



DL No.30/2022 रांची व कोलकाता से प्रकाशित

भाजपा ने विकसित भारत का संकल्प लिया है : अन्नपूर्णा

# रांची में 'इंडिया' गठबंधन का हुआ शक्ति प्रदर्शन

## भाजपा पर जमकर बरसा विपक्ष, रैली में खड़गे, सुनीता केजरीवाल, तेजस्वी, अखिलेश सहित अन्य हुए शामिल

**रांची, सूत्रकार**

रांची में रविवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया ने एकजुटता दिखाई। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के नेतृत्व में यह रैली रांची के प्रभात तारा मैदान में हुई। रैली को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल को सत्ता की कोई इच्छा नहीं है। वह सिर्फ देश की सेवा करना चाहते हैं। वह देश को नंबर 1 बनाना चाहते हैं। कई लोग कहते हैं कि ये मुश्किल है। 'जेल के ताले टूटेंगे, अरविंद केजरीवाल, हेमंत सोरेन छूटेंगे'

उन्होंने कहा कि राजनीति बहुत गंदी चीज है, उनके खाने में कैमरा लगाया जा रहा है। वे शुगर के मरीज हैं। वे पिछले 12 वर्षों से प्रतिदिन 50 यूनिट इंसुलिन ले रहे हैं, लेकिन उन्हें जेल में इंसुलिन नहीं दी जा रही है। वे दिल्ली के सीएम को मारना चाहते हैं। वे बहुत बहादुर हैं। वह शेर हैं। उन्हें जेल में भी 'भारत माता' की चिंता है।

### कल्पना सोरेन ने पढ़ा हेमंत का संदेश

रैली में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने उनका संदेश पढ़ा। उन्होंने कहा कि भाजपा विपक्ष शासित राज्यों में सरकारें गिराने का काम कर रही है, हम लोकतंत्र को विफल नहीं होने देंगे। हेमंत सोरेन ने जेल से अपने संदेश को पढ़ते हुए कल्पना ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मेरे पति हेमंत सोरेन को चुनाव से ठीक पहले उन ताकतों ने जेल में डाल दिया, जो उनकी सरकारों के खिलाफ साजिश रच रहे थे। विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है, लेकिन भाजपा और ऐसी ताकतों को झारखंड से बाहर कर दिया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि अगर पार्टी मौजूदा चुनाव जीतती है तो यह आदिवासियों के लिए एक 'बड़ा खतरा' होगा।

### आदिवासियों-मूलवासियों के अस्तित्व को मिटाने की साजिश रची जा रही है : चंपाई सोरेन

सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि बीजेपी ने केंद्रीय एजेंसियों को अपना एजेंट बना लिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड एक धनी प्रदेश है लेकिन यहां के आदिवासियों और मूलवासियों को खनिज संपदा से दूर रखा गया है। सीएम ने कहा कि हेमंत सोरेन को साजिश के तहत गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को जिस जमीन के कारण गिरफ्तार किया गया है उसे कोई खरीद नहीं सकता। सीएम ने कहा कि बीजेपी झारखंड के इतिहास को मिटा देने चाहती है। चुनाव जीतकर दिल्ली जाने वाला सांसद यहां की संपदा, सीएनटी-एसपीटी एक्ट और वन संपदा की रक्षा के लिए संसद में एक शब्द नहीं बोलता। यहां के आदिवासियों-मूलवासियों के अस्तित्व को मिटाने की साजिश रची जा रही है।



### भाजपा के लोग हमारी शक्ति को नहीं तोड़ सकते: खड़गे

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वे 500, 400 सीटें कहते रहते हैं, लेकिन इस बार गठबंधन की 'शक्ति' इतनी मजबूत है कि चाहे वह पीएम मोदी हों या कोई भी हो, भाजपा के लोग हमारी शक्ति को नहीं तोड़ सकते। वे हमें डराने की कोशिश कर रहे हैं।

### देश में बड़ा इंकलाब आने वाला है: मान

सभा को संबोधित करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री और आप नेता भगवंत मान ने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी नहीं है, बल्कि भारतीय जुमला पार्टी है। देश में बड़ा इंकलाब आने वाला है। आज जहां तक नजर जा रही थी वहां तक लोगों की भीड़ थी, लोगों में बहुत उत्साह था। जब बदलाव के लिए लोग चलते हैं तो ऐसी ही भीड़ दिखती है।

### संजय सिंह ने पीएम मोदी को घेरा

इस दौरान 'आप' सांसद संजय सिंह ने भी लोगों को संबोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि क्उ्रक्गठबंधन भारत के लिए काम करेगा और पीएम मोदी अदाणी के लिए काम करेंगे। भाजपा ने बंगाल में '400 पार', '200 पार', दिल्ली में '35 पार', झारखंड में '65 पार' जैसे नारे देकर लोगों को गुमराह किया। '400 पार' का नारा फर्जी है। इस बार आपको उन्हें 'ताड़ी पार, ताड़ी पार' कहना चाहिए।

संजय सिंह ने कहा कि पूरे हिंदुस्तान में बाबा साहेब डॉ। भीम राव अंबेडकर का संविधान चलता है और भारत तथा हम सब लोग उनके संविधान को मानते हैं। भाजपा नागपुर के संविधान को मानते हैं। नागपुर का संविधान कहता है कि दलितों का आरक्षण खत्म करो, आदिवासियों का आरक्षण खत्म करो, पिछड़ों का आरक्षण खत्म करो, चुनाव खत्म करो।।। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि ये अंतिम चुनाव है और इस बार चुनाव में इनको हराने का काम करना और कहना कि हम देश का संविधना नहीं बदलने देंगे।

### प्रियंका चतुर्वेदी ने कही यह बात

इंडिया ब्लॉक की 'उलगुलान न्याय महारैली' में शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि उद्धव ठाकरे ने मुझ से कहा कि प्रियंका तुम झारखंड जाओ और हमारी दो बहनें एक दिल्ली में और एक झारखंड में जो लड़ाई लड़ रही हैं उनके साथ उनकी आवाज उठाओ। देश की जनता को बताओ कि किस प्रकार एऊउइक्कळ विपक्ष का गला घोंटने का काम कर रही है।

### तेजस्वी ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

रैली में राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि पीएम मोदी ने केवल ये काम किए हैं- देश में गरीबी बढ़ाई, महंगाई बढ़ाई, जुमलेबाजी की। 2014 में उन्होंने कहा था कि हर साल 2 करोड़ लोगों को नौकरी दी जाएगी, वो नौकरी कहां गई? कालाधन वापस आएगा और सभी के खाते में 15 लाख रुपए डाले जाएंगे। आप लोग के खाते में पैसा नहीं आया, लेकिन बीजेपी के खाते में चंदा चुनावी बॉन्ड के जरिए हजारों-करोड़ों रुपए आ गए हैं।

### भाजपा पर अखिलेश का हमला, बोले- वे चुनाव हार चुके हैं

'उलगुलान न्याय महारैली' में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भी मोदी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब से इन्होंने आपके (झारखंड) मुख्यमंत्री और दिल्ली के मुख्यमंत्री को जेल भेजा है वे चुनाव हार चुके हैं। मैदान में जब पहलवान हारने लगता है तब कई तरह के हथकंडे अपनाता है। भाजपा यह न भूले कि शेर को गिरफ्तार किया है, लेकिन उनकी दहाड़ को गिरफ्तार नहीं कर पाए हैं।

### 28 पार्टियों के समर्थन का दावा

गठबंधन के नेताओं का दावा है कि 28 पार्टियों ने रैली का समर्थन किया है। पांच लाख से अधिक लोग इसमें भाग लेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, आप सांसद संजय सिंह, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी नेता मंच पर मौजूद रहे।


### विपक्षी गठबंधन की रैली से पहले मैदान में हंगामा

इस बीच विपक्षी गठबंधन की रैली से पहले मैदान में जमकर हंगामा हुआ। यहां दो गुटों के बीच झड़प हुई। दोनों गुटों के बीच जमकर कुर्सियां चलीं। हालांकि, इसकी वजह अब तक सामने नहीं आई है। झड़प के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

## कांग्रेस ने गोड्डा से दीपिका का पत्ता काटा, अब प्रदीप यादव होंगे उम्मीदवार

### रांची से यशस्विनी सहाय को मिला टिकट





**रांची, सूत्रकार**

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपनी एक और लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में उन्होंने गोड्डा से प्रदीप यादव का नाम दिया गया है। मतलब साफ है कि यहां से दीपिका पांडे सिंह का टिकट कट गया है। वहीं रांची से कांग्रेस ने यशस्विनी सहाय को उम्मीदवार बनाया है। यशस्विनी कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की बेटी हैं।

कांग्रेस पार्टी ने अपनी एक और लिस्ट रविवार को जारी कर दी। इस लिस्ट में झारखंड को दो लोकसभा सीटों पर नाम तय किए गए हैं। इसमें से एक है रांची और दूसरा है गोड्डा। रांची में सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय को टिकट दिया गया है। वहीं गोड्डा में दीपिका पांडे सिंह का टिकट काटकर प्रदीप यादव को उम्मीदवार बनाया गया है।

कांग्रेस ने जब से गोड्डा से दीपिका पांडे सिंह को उम्मीदवार बनाया था, इसका लगातार विरोध किया जा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार उस मामले में कांग्रेस हाई कमांड को फिर से सोचने के लिए कह रहे थे। कार्यकर्ताओं का कहना था कि यहां से सिर्फ प्रदीप यादव ही हैं जो निशिकांत दुबे को हरा सकते हैं। पिछले कई दिनों से हो रहे विरोध के कारण आखिरकार पार्टी को अपना फैसला बदलना पड़ा और उन्होंने प्रदीप यादव को अपना उम्मीदवार बनाया है।

गोड्डा में प्रदीप यादव का मुकाबला यहां के तीन बार से जीत रहे निशिकांत दुबे से होगा। वहीं रांची में यशस्विनी का मुकाबला बीजेपी उम्मीदवार संजय सेठ से होगा।

## इंडी गठबंधन आई तो देखने को मिलेंगे दंगे, अपराध और अत्याचार : अमित शाह

**कटिहार, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कटिहार में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार के विकास के कामों का लेखा-जोखा पेश करते हुए विरोधियों पर परिवारवाद को लेकर जमकर निशाना साधा।अमित शाह ने एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी दुलारचंद गोस्वामी के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को सुरक्षित किया। नक्सलवाद को समाप्त किया तो आतंकवाद पर नकेल कसी।

उन्होंने कहा कि अगर 'इंडी' गठबन्धन वाले आएंगे तो दंगे, अपराध और अत्याचार बढ़ जाएंगे जबकि मोदी जी और नीतीश जी की सरकार रही तो बिहार विकसित होगा। उन्होंने आगे कहा कि देश की जनता को तय करना है कि देश का पीएम कौन होगा। पूरे देश में घूमकर आया हूं। जहां-जहां जाते हैं मोदी- मोदी के नारे लगते हैं। मोदी जी ने इस देश से परिवारवाद, तुष्टिकरण को समाप्त करने का काम किया तथा प्रत्येक व्यक्ति का विकास करने का काम किया।



अमित शाह ने लोगों को 'जंगलराज' की याद दिलाते हुए कहा कि आप लोगों को लालू-राबड़ी का शासन याद है न, जब पिछड़ा, दलित, गरीब सबके साथ अत्याचार होता था। देश में पीएम मोदी और बिहार में नीतीश कुमार के आने के बाद गरीबों पर अत्याचार बंद हुआ।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश को पहला ओबीसी वर्ग का प्रधानमंत्री दिया। मोदी जी ने अपने कैबिनेट में 35 फीसदी पिछड़ा-अति पिछड़ा सांसदों को जगह दी।

जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाने की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि लालू यादव और कांग्रेस ने 70 साल तक इसे छिपा कर रखा था, मोदी जी ने इसे समाप्त किया। इस सरकार ने उरी और पुलवामा हमले के बाद 10 दिन के अंदर पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवाद खत्म करने का काम किया। लालू यादव बिहार को फिर से लालटेन युग में ले जाना चाहते हैं और फिर से ओबीसी पर अत्याचार करना चाहते हैं।उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश को ही विकसित नहीं किया बिहार को भी विकसित किया। उन्होंने आंकड़ों के जरिये बताया कि यूपीए गठबंधन की सरकार से ज्यादा इस सरकार ने बिहार के विकास के लिए धनराशि दी। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को कटिहार के मतदाता वोट करेंगे। यहां मुख्य मुकाबला जदयू के दुलारचंद गोस्वामी और कांग्रेस के तारिक अनवर के बीच माना जा रहा है।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तबीयत बिगड़ी एमपी का सतना दौरा किया रद्द

**भोपाल, एजेंसी**

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी की तबीयत बिगड़ने के कारण उनका मध्य प्रदेश का सतना दौरा रद्द हो गया है। उनके स्थान पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे सतना का दौरा करेंगे।

कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक्स पर लिखा, राहुल गांधी अस्वस्थ होने के कारण आज (रविवार 21 अप्रैल) सतना नहीं आ पा रहे हैं! ऐसी स्थिति में उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे से सतना जाने के लिए अनुरोध किया। जीतू पटवारी ने आगे लिखा है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सतना में कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी सिद्धार्थ कुशवाहा के समर्थन में होने वाली सभा में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर ली।पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने बताया है कि राहुल गांधी के जल्दी ही राज्य में कार्यक्रम होंगे और वह जनता से रूबरू होंगे। गौरतलब है कि राहुल गांधी रविवार को मध्य प्रदेश के सतना में कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थन में जनसभा करने वाले थे।

### आईएमडी ने जारी किया अलर्ट

## 11 राज्यों में होगी बारिश, 12 राज्यों में हीटवेव की चेतावनी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल समेत देश के 12 राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग ने यहां अगले 4 दिनों तक हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। अरुणाचल प्रदेश से झारखंड तक 11 राज्यों में बारिश की चेतावनी दी गई है।

मौसम एजेंसी स्काईमेट के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान, पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हुई। सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश समेत कई पूर्वोत्तर राज्यों में हल्की बारिश और बर्फबारी हुई। पंजाब में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ीं।

पश्चिमी राजस्थान, उत्तर प्रदेश, केरल, तेलंगाना, मराठवाड़ा और पश्चिमी मध्य प्रदेश में एक या दो स्थानों पर हल्की बारिश हुई। गंगीय पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों, ओडिशा, तेलंगाना और दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में लू चली।

आईएमडी के अनुसार, 21 अप्रैल से 24 अप्रैल के बीच पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड और बिहार में लू



चलने की संभावना है। तटीय आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी और केरल में भी भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। आज मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के कई शहरों में तापमान 40 डिग्री पार पहुंचेगा।

हालांकि पूर्वोत्तर भारत के कई राज्यों में बारिश का दौर जारी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को 21 अप्रैल से 24 अप्रैल के बीच अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, ओडिशा, झारखंड और त्रिपुरा में तूफान, बिजली और तेज हवाओं के साथ भारी बारिश और बर्फबारी के अलर्ट जारी किया है।

### सरकार का सभी राज्यों को निर्देश

## अवैध अंग प्रत्यारोपण हो तो रद्द करें अस्पताल का लाइसेंस

### अंग प्रत्यारोपण के मामलों की जांच और समीक्षा के निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे अवैध रूप से देश में चल रहे अंग प्रत्यारोपण के मामलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। साथ ही स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि जो भी अस्पताल अवैध रूप से अंग प्रत्यारोपण या अंग प्रत्यारोपण के लिए बने कानून का उल्लंघन करता पाया जाए, उसके लाइसेंस को रद्द किया जाए।

भारत सरकार के स्वास्थ्य सेवाओं के डायरेक्टर जनरल डॉ. अतुल गोयल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस संबंध में पत्र लिखा है। इस पत्र में डॉ. गोयल ने कहा है कि सभी अंग प्रत्यारोपण के सभी आंकड़े मासिक आधार पर राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन के साथ साझा किए जाने चाहिए। इनमें देश के नागरिकों के साथ ही विदेशी नागरिकों के आंकड़े भी होने चाहिए। स्वास्थ्य मंत्रालय का यह आदेश हरियाणा और राजस्थान में हुए अवैध अंग प्रत्यारोपण के रैकेट के खुलासे के बाद सामने आया है। जिसमें बांग्लादेश के लोग भी शामिल थे।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने पत्र में लिखा कि 'देश में विदेशी नागरिकों को होने वाले अंग प्रत्यारोपण के दर्ज मामलों में उछाल देखा गया है। ऐसे में इन मामलों की भी समीक्षा की जानी चाहिए। मानव अंग प्रत्यारोपण एवं ऊतक कानून ,1994 कानून के तहत राज्य द्वारा नियुक्त टीम को अपने-अपने राज्यों में विदेशी नागरिकों को हुए अंग प्रत्यारोपण के मामलों की जांच की जानी चाहिए है।' पत्र में डॉ. गोयल ने ये भी लिखा कि 'कानून का उल्लंघन हो तो सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए और अवैध अंग प्रत्यारोपण में शामिल अस्पताल का रजिस्ट्रेशन रद्द करने जैसी कार्रवाई की जानी चाहिए।'

सरकार ने अंग दान देने वाले व्यक्ति और अंग दान लेने वाले व्यक्ति दोनों की आईडी बनाना अनिवार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही ऐसी व्यवस्था बनाने को कहा है, जिसमें सरकारी अधिकारी समय-समय पर अंग प्रत्यारोपण के मामलों की जांच और समीक्षा करते रहें। सरकार ने अंग प्रत्यारोपण के मामलों पर 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। बीती 4 अप्रैल को हरियाणा के गुरुग्राम स्वास्थ्य विभाग की एक टीम ने एक होटल पर छापा मारकर एक रैकेट का भंडाफोड़ किया था, जिसमें पैसे के बदले लोगों की किडनी निकालकर उन्हें मरीजों में प्रत्यारोपित किया जा रहा था। जयपुर के दो निजी अस्पतालों में यह रैकेट चल रहा था। इस मामले में बांग्लादेश के नागरिकों को पैसों का लालच देकर उनकी किडनी निकाली जा रही थी।

### प्रधानमंत्री मोदी का सोनिया गांधी पर तंज

## जो चुनाव नहीं जीत सकते, वे राजस्थान से राज्यसभा में आए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के राजस्थान से राज्यसभा सदस्य बनने पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग चुनाव नहीं जीत सकते वे 'मैदान से भागकर' राजस्थान से राज्यसभा में आए हैं। प्रधानमंत्री ने भीनमाल (जालोर) में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि पार्टी ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया और उसके इन्हीं पापों की सजा आज देश पार्टी को दे रहा है। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस पार्टी ने कभी देश में 400 लोकसभा सीट जीतीं थीं, आज वह 300 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है। मोदी ने कहा, ''जो लोग चुनाव नहीं लड़ सकते, चुनाव जीत नहीं सकते.. वे मैदान से भाग कर इस बार राजस्थान से राज्यसभा में आए हैं। कांग्रेस की इतनी हालत खराब है।

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी फरवरी में राजस्थान से राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने वाले सांसदों में शामिल हैं। इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के कई दिग्गजों को मैदान में नहीं उतारा गया हालांकि पार्टी ने उन अटकलों को खारिज कर दिया है कि वे चुनाव लड़ने से कतरा रहे थे। राजस्थान में पहले चरण के मतदान की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, ॶपहले चरण के मतदान में आधे राजस्थान ने कांग्रेस को बराबर सजा दी है। उसे बराबर सबक सिखाया है।'' उन्होंने कहा, ॶराष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत राजस्थान ये जानता है कि कांग्रेस कभी भी मजबूत भारत बना ही नहीं सकती। देश को ऐसी कांग्रेस सरकार नहीं चाहिए। देश को 2014 के पहले जो हालात थे वो हालात वापस नहीं चाहिए।

मोदी ने कहा, (तब) हर कोई कांग्रेस की कमजोर सरकार को आता जाता हर कोई धमकाता था और हर कोई देश को लूटने में जुटा था। प्रधानमंत्री को तो कोई पूछता ही नहीं था। सरकार रिमोट कंट्रोल से चला



करती थी। कैबिनेट से पास हुए अध्यादेश को उनकी पार्टी के ही एक नेता मीडिया की बैठक में बड़े रौब से फाड़ कर फेंक देते थे।'' उन्होंने कहा कि ऐसी दुर्बल अवस्था देश को मजबूत बना सकती है क्या? आप मुझे बताइये अस्थिरता की प्रतीक कांग्रेस पार्टी और उनका कुनबा देश को चला सकता है क्या? आज कांग्रेस पार्टी की जो हालत हुई है उसकी गुनहगार वो खुद है। मोदी ने आरोप लगाया कि 60 वर्षों तक राज करने वाली कांग्रेस ने हमारी माताओं-बहनों को शौचालय, गैस, बिजली, पानी, बैंक खाते जैसी छोटी छोटी चीजों के लिये तरसाया है।

उन्होंने कहा, ''इसी कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया और उनके इन्हीं पापों की सजा आज देश कांग्रेस को दे रहा है और खासकर के देश का युवा इतना गुस्से में है वो दोबारा कांग्रेस का मुंह नहीं देखना चाहता है।'' मोदी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर कटाक्ष करते हुए कहा, ''इन्होंने अवसरवादी 'इंडी एलायंस' बना लिया है। उसकी पतंग उड़ने से पहले ही कट गई है। कहने को तो गठबंधन है लेकिन कई राज्यों में ये गठबंधन वाले ही आपस में ही लड़ रहे हैं। इस लोकसभा चुनाव में देश की 25 प्रतिशत सीट ऐसी हैं, जहां ये गठबंधन के लोग एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य की गत कांग्रेस सरकार ने जल जीवन मिशन योजना में घोटाला किया व उसका काम नहीं होने दिया।

उन्होंने कहा, अब हमारी भजनलाल सरकार आयी है वो घोटाले की जांच भी कर रही ..अगर यहां कांग्रेस सरकार ना होता तो अब तक हम हर घर जल के लक्ष्य के बहुत निकट पहुंच जाते है।'' उन्होंने कहा, ''अभी हमें राजस्थान के विकास को, देश के विकास को नई बुलंदी देनी है। ये संकल्प लेकर मैं चल पड़ा हूं। भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाना है। 'विकसित भारत-विकसित राजस्थान' बनाना है।'' राजस्थान में लोकसभा की 25 सीट हैं। पहले चरण में 12 सीट पर मतदान 19 अप्रैल को हुआ था और बाकी बची 13 सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है।

www.sutrakarsamachar.com
सूत्रकार सब्सक्राइब करें
रांची, सोमवार, 22 अप्रैल 2024

न्यूज फ्लैश

## गायत्री शक्तिपीठ बस्ताकोला में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**बस्ताकोला, सूत्रकार**

गायत्री शक्तिपीठ बस्ताकोला में रविवार को गायत्री परिवार और एलसीआ-रएम खरकिया आई अस्पताल के सौजन्य से निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया, जहां दर्जनों व्यक्तियों ने नेत्र की जांच करवा दवा ली। इससे पूर्व शिविर का उद्घाटन गायत्री मंत्र जाप एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ऐ के गौतम, भूपेंद्र शर्मा (अधिवक्ता), नरेश कुमार भट्ट, संजय कुमार सिन्हा, हरेश चंद्र मिश्रा, पंचानंद, सोता राम यादव, कमाल जी, हरेश चंद्र मिश्रा का सराहनीय सहयोग रहा। इस मौके पर मीडिया प्रभारी भूपेंद्र शर्मा ने बताया की गायत्री परिवार सामाजिक उत्थान की दिशा में भी लगातार कार्य करता है जिसके तहत वर्ष भर कार्यक्रम आयोजित किए जाते है।

## हज यात्रियों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**धनबाद, सूत्रकार**

हज 2024 की तैयारियां जोर-शोर से जारी है। जिन लोगों का हज पर जाने का नंबर आया है वह हज की तैयारी कर रहे हैं। इसी के मद्देनजर दिनांक 21 अप्रैल की सुबह 9 बजे से ईदगाह मस्जिद नया बाजार में हज ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में हज पर जाने वाले मर्द और औरत शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत हाफिज मजहर उल हक ने पवित्र कुरान के तिलावत से की। उसके बाद मौलाना अमीरुद्दीन कासमी ने हज की अहमियत पर बयान दिया। मुफ्ती अब्दुल हई ने हज से जुड़े सभी चीजों एवं हज के सही तरीके को विस्तार से बताया। हज के अरकान को किस तरह अदा करना है, इबादत कैसे करनी है, हज के दौरान कितना सामान ले जा सकते हैं, किन चीजों पर पाबंदी है आदि बातें बताई। अन्त में दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।प्रोग्राम के आयोजक जावेद इकबाल खान और रियाज अहमद खान ने तमाम मेहमानों का स्वागत किया और प्रोग्राम मे शामिल होने पर सभी का शुक्रिया अदा किया। हाफिज अशरफ, नाइब इमाम ईदगाह मस्जिद ने तमाम मेहमानों की सुविधाओं के खास इंतजाम किये थे। सभी मेहमानों को दोपहर का खाना खिलाकर रुख्सत किया गया।

## न्याय के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को विवश एक परिवार



**धनबाद, सूत्रकार**

धनसार थाना अंतर्गत बरमसिया शंकर नगर का रहने वाला एक परिवार पुलिस से न्याय न मिलने के कारण दर-बदर की ठोकरें खाते हुए मीडिया के समक्ष गुहार लगा रहा है। पूरा परिवार रविवार को धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में मीडिया से अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया की परिवार की बच्ची आरती कुमारी घरों में चौका बर्तन करके पूरे परिवार का भरण पोषण करती है। 14 अप्रैल की रात घर लौटने के क्रम में आदित्य रविदास ने जबरन हाथ पकड़ लिया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा शोर मचाने पर उसके पिताजी वहां आ पहुंचे और विरोध जताया जिस पर वहां पहुंचे आदित्य के पिता जीतू रविदास और आदित्य ने उनके साथ मारपीट की और घटना के बाद उल्टे थाने में जाकर उसके परिवार के खिलाफ मारपीट की प्राथमिक दर्ज कर दी है। उसके परिवार के कुल 17 लोग जिनमें बच्चे भी शामिल है के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया गया है। पुलिस उनकी नहीं सुन रही। विरोधी पक्ष द्वारा लगातार धमकी दी जा रही है। ऐसे में उन्हें न्याय कब मिलेगा।

## जम्बाईबुरु में मतदाता जागरूकता को लेकर मैत्री फुटबॉल मैच का हुआ आयोजन

**किरीबुरू, सूत्रकार**

सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में स्वीप गतिविधि के परिप्रेक्ष्य में अत्यन्त नक्सल प्रभावित सारंडा वन क्षेत्र स्थित जम्बाईबुरु में मतदाता जागरूकता हेतु मैत्री फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया । मौके पर जागरूक मतदाता, खिला-ड़ियों और ग्रामीणों के द्वारा मतदान प्रतिज्ञा व सेल्फी लिया गया । फुटबॉल मैच के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों के बीच मतदान करने को लेकर जागरूकता फैलायी गई । सभी को संदेश दिया गया कि सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में 13 मई मतदान दिवस के दिन अवश्य मतदान करें । मतदान करना हम सबका मौलिक अधिकार है। सभी को जानकारी दिया गया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में डाले गए प्रत्येक वोट की गिनती होती है, और आपका एक वोट लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाता है।

ग्रामीणों को जिला अंतर्गत मतदान के लिए निर्धारित तिथि 13 मई के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई तथा यह अपील किया गया कि सभी मतदाता इस दिन अपने-अपने मतदान केंद्र पर जाएं और अपने एक वोट से सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपना सहयोग दें । मौके पर बीडीओ नोवामुंडी , अनुज कुमार बंदो सहित प्रखंड और अंचल के अन्य कर्मी के साथ साथ जागरूक मतदाता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## उलगुलान रैली में समर्थको संग शामिल हुए फुलकांत

**आदित्यरपुर, सूत्रकार**

कांग्रेस पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता फुलकांत झा र-विवार को उलगुलान रैली में शामिल होने अपने सैंकड़ों समर्थकों संग प्रभात तारा मैदान रांची में शामिल हुए और उन्होंने बताया कि रैली सर्वाधिक सफल रहा है।उन्होंने बताया कि रैली में 14 दलों के नेता शामिल हुए जिन्होंने इंडिया गठबंधन दलों के कार्यकताओं को लोकसभा चुनाव में अपनी शत प्रतिशत भागीदारी गठबंधन दल के प्रत्याशियों को देने की अपील की है। फुलकांत झा ने कहा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खड़गे ने अपने संबोधन से कांग्रेस के कार्यकताओं को एकजुटता दिखाने को कहा है जिससे झारखंड में निश्चित रूप से महागठबंधन के प्रत्याशियों की जीत होगी।

# भीषण गर्मी में पेयजल के लिए दर- दर भटकने को मजबूर हैं लोयाबाद के लोग

**लोयाबाद, सूत्रकार**

गर्मी से जमीन के साथ इंसान भी तप रहा। ऐसे हालातो के बावजूद पेयजल की किल्लत से लोयाबाद के लोगों का गला भी सुख रहा है। कहने को तो यहां दो विभाग माडा व निगम द्वारा पेयजलापूर्ति की जाती है। लेकिन करीब 50 हजार आबादी की समस्या कम होती नही दिख रही है। माडा का वही पुराना बिजली का रोना, नतीजा सप्ताह में जलापूर्ति, वो भी एक से डेढ़ घंटे।ऐसे में कई उपभोक्ताओं को महीनों से पानी नसीब नही हुआ है।कम जलापूर्ति से पानी पाइप में ही रह जा रहा है।माडा के इस रवैया के खिलाफ यहां लोग कई बार विरोध प्रदर्शन भी कर चुके है।एक दो बार चेंबर ऑफ कॉमर्स सड़क जाम तक भी किया, लेकिन आश्वासन के सिवा



कुछ भी हासिल नही हो सका।वही हाल यहां निगम की जलापूर्ति का भी है।शुरू में रोज जलापूर्ति होती थी, धीरे धीरे दो दिन, फिर तीन दिन, अब निगम भी पांच रोज में जलापूर्ति करता है वह भी बीस से तीस मिनट।इससे लोयाबाद के करीब 50 हजार आबादी को पेयजल की समस्या से छुटकारा नही मिल पा रहा है। दो विभाग का एक ही रोना है बिजली आपूर्ति में कमी से नियमित जलापूर्ति नही हो पा रही है।

पानी की किल्लत से प्रसूति विभाग ठप

पानी की कमी से मदनाडीह स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर कनकनी उप स्वास्थ्य केंद्र में अब तक प्रसूति विभाग चालू नही हो सका।यहां निगम जलापूर्ति का कनेक्शन लिया गया है।लेकिन नियमित जलापूर्ति नही रहने की वजह से प्रसूति विभाग फिलहाल चालू नही किया जा रहा है।

लोयाबाद का सबमर्सिबल फिर खराब

दो दिन से लोयाबाद का सबमर्सिबल फिर खराब हो गया, अक्सर यह खराब होते रहता है।इस बार भाल्व खराब बताया जा रहा है।इस प्रचंड गर्मी में पीट वॉटर को लेकर भी लोगो का तरसना भी शुरू हो गया यहां पीट वॉटर के लिए करीब सौ घरों में हाथ धोने के लिए भी पानी नही है।

अभियंता तरुण कुमार ने कहा कि भाल्व खराब हुआ है।सोमवार को दुरस्त कर दिया जायेगा।

## भाजपा नेताओं ने एनडीए के घटक दलों के साथ की बैठक

**आदित्यपुर, सूत्रकार**

रविवार को आदित्यपुर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की एक संयुक्त बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष उदय सिंहदेव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी दल के नेताओं ने निर्णय लिया कि सिंहभूम लोकसभा संसदीय सीट से राजग प्रत्याशी गीता कोड़ा को भारी मतों से जिताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथो को मजबूत करेंगे। आज की बैठक में शामिल नेताओ ने यह भी निर्णय किया कि संयुक्त प्रचार अभियान चलाया जायेगा और जनसमर्थन मांगा जायेगा। दल के नेताओं ने कहा भाजपा प्रत्याशी की जीत निश्चित है, फिर भी हमे अपने प्रयास में कही कमी नहीं छोड़ना है।

साथ ही निर्णय लिया गया की कल भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के होने वाले नामांकन कार्यक्रम में सभी दलों के कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होंगे। बैठक में सिंहभूम लोकसभा के प्रभारी डॉ दिनेशानंद गोश्वामी, आदित्यपुर के पूर्व मेयर बिनोद श्रीवास्तव, भाजपा नेता गणेश महाली आदि शामिल थे।

## जोरापोखर बस्ती शिव मंदिर में तीन दिवसीय भोक्ता पूजा समापन समारोह का आयोजन



**जोड़ापोखर, सूत्रकार**

जोड़ापोखर बस्ती स्थित 224 वर्ष पुराने शिव मंदिर में तीन दिवसीय भोक्ता पूजा का समापन समारोह आयोजित किया गया है। रविवार को 76भक्तों ने भोक्ता खुटा से घूम कर भगवान शिव की आराधना की। इससे पूर्व भोक्ता खुटा का उद्घाटन रकोमयू टाटा स्टील के क्षेत्रीय सचिव संतोष महतो ने फीता काटकर किया है। इस अवसर पर अध्यक्ष अशोक राय, पूर्व पार्षद चंदन महतो, हिमांशु महतो अभियान महतो, मधु महतो आदि उपस्थित थे। रकोमयू के सचिव श्री महतो ने बताया है की मंदिर की स्थापना सन 1800 में किया गया था। तभी से बस्ती के लोग भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए पर्व को मनाते हैं।

तीन दिवसीय भोक्ता पूजा शुक्रवार को बस्ती के भक्तों द्वारा प्रभु शिव को जनेव, फूल, फल अर्पित कर शुरू किया गया है। भक्तो द्वारा तालाब में स्नान कर फलहारी व्रत रखा गया है। शनिवार को संथालडीह बंगाल के महिला कलाकारो द्वारा छऊ नृत्य द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिससे प्रसंशको ने खूब सराहा है।

रविवार को भक्तों ने भक्ता खुटा से अपने शरीर में कील लगाकर घुमा। इससे पूर्व गाजे बाजे के साथ नगर भर्मण किया गया। जिसमें महिला भक्तों की अपार भीड़ देखी गई है। जोड़ापोखर शिव मंदिर में भक्त बलियापुर, सिंदरी, भौरा, पाथरडीह, पटिया बस्ती, बोकारो, चंदनक्यारी से पहुचते हैं। रविवार को उक्त स्थल पर मेला लगाया गया है।

आकर्षण का केंद्र बना 10 वर्षीय आदित्यः रविवार को भोक्ता मेला के दौरान 10 वर्षीय बालक आदित्य भक्तो के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा। सबसे कम उम्र के खुटा में घूमने वाले बालक के श्रेणी में आदित्य ने अपना नाम लिखवाया हैं। जब आदित्य भोक्ता खुटा से घूम रहा था तो लोग अचंभित हो रहे थे। आदित्य ने बताया है की भगवान शिव के कृपा से उसके पास सब कुछ है। भगवान शिव अगर प्रसन्न रहते है तो भक्तों को किसी प्रकार का कष्ट झेलना नही पड़ता है।वही भक्तों के लिए श्याम भक्त मण्डली पाथरडीह झरिया द्वारा फल शरबत की व्यवस्था की गई हैं। आयोजन कमिटी में किशोर कुमार महतो, सुधांशु महतो, रामप्रसाद सिंह, बलराम महतो, गैरचंद महतो, सुखदेव महतो आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

### सांसद ने उलगुलान न्याय महारैली पर जमकर बोला हमला, कहा

## इंडी महागठबंधन में सभी भ्रष्टाचारियों का जुटान है



**धनबाद, सूत्रकार**

वर्तमान सांसद पीएन सिंह ने हाउसिंग कॉलोनी स्थित पार्टी के चुनावी कार्यालय में आज एक प्रेस वार्ता कर इंडी गठबंधन के द्वारा झा-रखंड में बुलाए गए उलगुलान न्याय महारैली पर जमकर हमला बोला। उन्होंने झारखंड की सरकार को आड़े हाथों लेते हुए आदिवासी, किसान महिला और दलित विरोधी बताते हुए कहा कि अभी भी इंडी गठबंधन में इनका कोई नेता नहीं है अगर यह लोकसभा चुनाव जीत भी जाएं तो स-रकार में प्रधानमंत्री का उम्मीदवार कौन होगा किसी को नहीं पता जबकि भाजपा के पास पीएम मोदी का नेतृत्व है, और यही कारण है कि आने वाले समय में जनता बीजेपी के नेतृत्व पर ही भरोसा करेंगी। उन्होंने इंडी गठबंधन के बारे में कहा कि सभी भ्रष्टाचारियों का जुटान है यह गठबंधन। वह यहीं नहीं रुके कहा कि रांची में आयोजित रैली में आर्थिक अपराध के आरोप में जेल में बंद कुछ नेताओं के परिजन भी इसमें शामिल हो रहे हैं। राज्य सरकार केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचने में भी बाधा पैदा की है। पीएन सिंह ने भाजपा में जेवीएम के नेताओं को तरजीह मिलने के सवाल पर भी चुप्पी साध लिया। दूसरी ओर जब सांसद से यह पूछा गया की 50 केस के आरोपी रहे है भाजपा प्रत्याशी सह बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो तो उन्होंने कहा कि किसी एक मामले में उन पर 2 साल की सजा नहीं हुई है। ऐसे में चुनाव लड़ने को लेकर कोई अवरोध नहीं है और बाकी अन्य जो भी मामले हैं वो सभी कोर्ट में विचाराधीन है ऐसे में इस पर कोई ट-ीका टिप्पणी नहीं किया जा सकता। सरयू रॉय की प्रश्न पर भी वह चुटकी लेकर टाल गए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, प्रदेश प्रवक्ता विनय सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा, महानगर जिलाध्यक्ष श्रवण रॉय, ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, सिंदरी विधायक की पत्नी तारा देवी, मिल्टन परसार्थी, मानस प्रसून, नितिन भट्ट, संजय झा सहित कई लोग मौजूद थे।

## आदिवासी मुंडा समाज ने निकाली शोभायात्रा

**चक्रधरपुर, सूत्रकार**

चक्रधरपुर के पोड़ाहाट स्टेडियम में रविवार को आदिवासी मुंडा समाज पोड़ाहाट के तत्वाधान में बाः पोरोब मनाया गया। इस अवसर पर चक्रधरपुर के पोड़ाहाट स्टेडियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा, पद्मश्री डॉ। रामदयाल मुंडा, देवेन्द्र नाथ सामंत, महाराजा मदरा मुंडा की तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर व दीप जलाकर किया गया। वहीं आयोजन समिति की ओर से समाज के पदाधिकारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। रविवार शाम पोड़ाहाट स्टेडियम से विशाल शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा में आगे-आगे आदिवासी मुंडा समाज के मुख्य संरक्षक रामलाल मुंडा, अध्यक्ष श्याम सिंह मुंडा, सचिव चन्द्रशेखर दास समेत अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में मुंडा समाज के लोग नगाड़ा, ढोल, मांदर की थाप पर पारंपरिक नृत्य करते हुये चल रहे थे। इस अवसर पर देर शाम तक पोड़ाहाट स्टेडियम कार्यक्रम आयोजित की गई।

## स्वर्ण ज्योति सोसाइटी और राष्ट्रीय मानवाधिकार सर्वेक्षण की बैठक संपन्न

**जोड़ापोखर, सूत्रकार**

स्वर्ण ज्योति सोसाइटी एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार सर्वेक्षण के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को सामुदायिक भवन जामाडोबा में वार्षिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सरीता देवी ने किया वही मुख्य रूप से सोसायटी के सचिव मुन्नी देवी उपस्थित थी। मुख्य अतिथि के रुप में राष्ट्रीय मानवाधिकार सर्वेक्षण प्रमंडल अध्यक्ष सह बैकवर्ड ओबीसी वेलफेयर एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी रामनारायण राय उपस्थित थे। बैठक में वार्षिक रिपोर्ट के बाद वित्तिय वर्ष में कैसे काम करना है और महिलाओं को आर्थिक सहायता (सरकारी) रूप से लेने पर विचार किया गया। सोसायटी के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार, पीडीएस दुकान दिलाने सहित आर्थिक स्थिति के सुधार करने पर बल दिया गया। राष्ट्रीय मानवाधिकार सर्वेक्षण अध्यक्ष आर एन राय ने कहा कि महिलाओं पर घरेलू हिंसा बढ़ गया है। सोसायटी के



माध्यम से कानून की जानकारी के लिए शिविर लगाया जाएगा इसके लिए जिला प्रशासन से सहयोग लेना होगा। महिलाओं को जागरूक करने के लिए सोसायटी के माध्यम से चुनाव बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार सर्वेक्षण के बैनर तले कार्यक्रम होंगे और कार्यक्रम में कानून से जुड़े अवकाश प्राप्त अधिकारी को बुलाकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। सोसाइटी सचिव मुन्नी देवी ने कहा कि सोसायटी के माध्यम से लगातार 10 वर्षो से सामाजिक कार्य करते आई हूं। महिलाओं के साथ साथ पुरूष वर्ग को जिनको झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेज दिया जाता है। पुलिस का सहयोग लेकर उन्हें बचाया जाना चाहिए। बैठक में प्रभु चौधरी उर्फ रंजन, सोसायटी अध्यक्ष सरिता देवी, रेशमा कुमारी, रजिया खातून, नेहा प्रवीण, मंजू देवी, सुनीता, स्नेहा, आदि उपस्थित थे।

## लोयाबाद सात नंबर का हाल, बिन बिजली बैचेनी में गुजर रही जिंदगी

### पहले स्विच में आई खराबी तो अब ट्रांसफार्मर हुआ खराब

**लोयाबाद, सूत्रकार**

लोयाबाद सात नंबर में स्वीच मरम्मती हुई तो अब ट्रांसफार्मर खराब हो गया। पूरे पांच हजार की आबादी करीब एक महीने से परेशान है।इस तपती गर्मी में हर एक पल बेचैनी से कट रहा है।पहले स्वीच में फॉल्ट हुआ।दस दिनों तक लोयाबाद कोलियरी प्रबंधन स्वीच की फॉल्ट ढ-ूढने में लगा दी।तीन अलग अलग टेक्नीशियन अपने अपने हिसाब से मरम्मती किया।जब लाइन चालू किया गया तो मात्र एक घंटे में ही ट्रांसफार्मर हीट होने लगा।फिर बिजली कट गई, सुबह दूसरे रोज जांच हुआ तो पता चला ट्रांसफार्मर का एक क्वायल खराब हो गया।तब ट्रांसफार्मर को ठे-केदार के यहां भेज दिया गया।हर दिन यही कहा जाता है कि आज ट्रांसफार्मर आएगा और बिजली बहाल हो जायेगी।इस संबध मे यहां रहने वाले दो दर्जन से अधीक बीसीसीएल कर्मियों ने कहा कि मजदूरो के तकलीफ से बीसीसीएल के बाबुओं को कोई स-रोकार नही है।हम गर्मी में मर रहे लेकिन बाबुओं को कोई फर्क नही पड़ता।महीना बीतने वाला है, मगर अब भी अंधेरे से उजाला में आना सपना ही लग रहा है।इर गर्मी में शरीर का पसीना सूखने के नाम नही ले रहा है।मजदूरो ने कहा कि हम बीसीसीएल के मजदूरो के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार होता आया है।यहां के सभी बीसीसीसीएल कर्मी, अलग अलग कोलियरी के मजदूर हैं।ज्ञात हो कि 30 मार्च की रात तेज आंधी व पानी से 550 वोल्ट का स्वीच में गड़बड़ी आई थी।तब से यहां के लोगो का परेशानी कम नही हो रहा है।बताया जाता है कि सात नंबर का बिजली व्यवस्था राम भरोसे है।जब कभी स्वीच या ट्रांसफार्मर खराब होता है, लोयाबाद कोलियरी प्रबंधन को मरम्मती करने में काफी समय लगता है।इस संबध मे कोलियरी अभियंता तरूण कुमार ने बताया कि काम चल रहा है, मंगलवार तक उम्मीद है बिजली बहाल हो जाएगा।

## पंचपाहिया-डोमलोई के बीच भाकपा माओवादियों ने पोस्टर चिपकाया

**चाईबासा, सूत्रकार**

पश्चिमी सिंहभूम जिला के मनोहरपुर प्रखंड क्षेत्र के मनोहरपुर प्रखंड के जराइकेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले पंचपाहिया-डोमलोई के बीच भाकपा मावादियों ने पेड़ो व स्थानीय दूकानदारों के दीवारों पर पोस्टर चिपका कर वोट का बहिष्कार करने को कहा है।

मालूम हो की चाईबासा पुलिस के द्वारा लगातार क्षेत्र में नक्सलियों पर नकेल कशने के लिए सर्च अभियान चला रखा है। सर्च अभियान में लगातार पुलिस को सफलता भी मिल रही है, जिससे नक्सली संगठन बैकफुट पर जाने को मजबूर है।

इधर, पश्चिम सिंहभूम जिले के अत्यंत नक्सल प्रभावित सारंडा, कोल्हान एवं पोड़ाहाट जंगल के स-ुदूरवर्ती गांव क्षेत्रों में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष लोकसभा चुनाव सम्पन्न कराने हेतु उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर के नेतृत्व में पुलिस-प्रशासन ने युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। इस चुनाव में नक्सली कोई घटना को अंजाम नहीं दे सकें, इसलिए विशेष कार्यनीति पर काम किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार नक्सल प्रभावित क्षेत्र के तमाम ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की सड़कों पर स्थित पुल-पुलिया, जहां-जहां कच्ची सड़कें एवं पक्की सड़कों में गड्ढे हैं, उन सबकी जानकारी, जंगल रास्ते में नक्सलियों के संभावित एम्बुस प्वाइंट आदि की पूरी जानकारी जीआर के साथ लेकर न सिर्फ रखी जा रही है, बल्कि उसपर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

नक्सल प्रभावित क्षेत्र के गांवों व जंगलों में कौन-कौन बाहरी व संदिग्ध



लोग आवागमन कर रहे हैं। उन सब पर नजर रखते हुये उनके बारे में जानकारी ली जा रही है। हालांकि सारंडा के कई बूथों पर पोलिंग पार्टी को हेलिकॉप्टर से एयर ड्रॉपिंग कराया जायेगा, ताकि नक्सली घटना को रोका जा सके। इसके बावजूद सारी तैयारियां निरंतर जारी हैं। सारंडा जंगल में पहले से ही अतिरिक्त सीआरपीएफ की कंपनियों को विभिन्न जंगल क्षेत्रों में स्थापित कर निरंतर सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

नक्सली पहले से ही विभिन्न क्षेत्रों में पोस्टरबाजी कर चुनाव बहिष्कार का ऐलान निरंतर कर रहे हैं। इसके बावजूद राजनीतिक दलों के नेताओं, कार्यकताओं व मतदाताओं के ऊपर इसका कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है। सारंडा में पहले भी तमाम चुनावों में मतदाताओं ने वोट बहिष्कार का ऐलान के बावजूद जमकर मतदान किया था।

## न्यूज फ्लैश

### बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में लगा जेल अदालत, दो कैदी हुए रिहा



रांची, सूत्रकार

झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा रविवार को बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार जेल अदालत का आयोजन किया गया। यह आयोजन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कृष्णकांत मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार में बंद नौ बंदियों का आवेदन जेल अदालत के लिए समर्पित किया गया था। जिसमें दो बंदी को जेल अदालत का लाभ देते हुए रिहा किया गया। जिसमें आनंद कच्छप और धनंजय तिर्की शामिल है।

### महिला उत्थान संगठन ने 135 जोड़े का कराया विवाह, सिटी एसपी ने सभी को दिया उपहार



रांची, सूत्रकार

जगन्नाथपुर के लटमा में रविवार को महिला उत्थान संगठन की ओर से 135 कन्याओं का विवाह करवाया गया। ये कन्याएं वो है जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आती हैं। संगठन की ओर से लटमा में आयोजित विवाह समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिटी एसपी राजकुमार मेहता थे। राजकुमार मेहता की ओर से सभी 135 कन्याओं को उपहार स्वरूप एक-एक वस्त्र और जेवर प्रदान किए गए। इस अवसर पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने कहा कि वे भी स्वयं कई वर्षों से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की कन्याओं का विवाह अपने खुद के खर्चे पर करवा चुके हैं। ऐसे सामाजिक कार्यों में आम लोगों को भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। ऐसे वर्ग की कन्याएं जिनके माता-पिता आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उनकी मदद के लिए सभी को आगे आना चाहिए।

### आज व कल बारिश के आसार व वज्रपात की आशंका



रांची, सूत्रकार

रांची-चिलचिलाती धूप और उमस के बीच झारखंड में मौसम का मिजाज फिर बदलेगा और लोगों को राहत मिलेगी। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि 22 और 23 अप्रैल को राज्य में बारिश के आसार हैं। कहीं-कहीं गरज के साथ वज्रपात की भी आशंका जतायी गयी है। 25 अप्रैल को कोल्हान व संताल के जिलों में कहीं-कहीं लू चलने को लेकर चेतावनी जारी की गयी है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। झारखंड में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलेगा और बारिश होगी। इससे तपती गर्मी और लू से परेशान लोगों को राहत मिलेगी। तापमान में गिरावट से मौसम खुशनुमा होगा। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि 22 अप्रैल को राज्य के दक्षिणी भागों (पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां व सिमडेगा) में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। 23 अप्रैल को राज्य के दक्षिणी भागों (पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां व सिमडेगा) एवं निकटवर्ती मध्य भागों (रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़) में झारखंड में बारिश की संभावना है। गरज के साथ वज्रपात की भी आशंका है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। बारिश से राहत के बाद मौसम फिर बदलेगा और लहर चलेगी। इससे लोगों की परेशानी बढ़ सकती है। मौसम विभाग के अनुसार कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां जिलों में एवं संताल प्रमंडल के देवघर, जामताड़ा, पाकुड़, दुमका, गोड्डा व साहिबगंज जिलों में कहीं-कहीं लू (हीट वेब) चल सकती है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे में झारखंड का मौसम शुष्क रहा। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस बहरगोड़ा में रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री सेल्सियस गोड्डा में दर्ज किया गया। पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा व जमशेदपुर, पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा, सरायकेला खरसावां जिले के सरायकेला और बोकारो जिले के बोकारो थर्मल में हीट वेब की स्थिति देखी गयी।

# नक्सल प्रभावित मतदान केंद्रों पर कम्युनिकेशन के लिए विशेष व्यवस्था

रांची, सूत्रकार



किसी भी चुनाव के दौरान नक्सल प्रभावित इलाकों में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करवाना हमेशा से एक बड़ी चुनौती रही है। यही वजह है कि पुलिस के अधिकारी और जवान शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करवाने के लिए अपना होमवर्क पूरा करने में जुटे हुए हैं। झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ अभियान के साथ-साथ वैसे मतदान केंद्र जहां मोबाइल नेटवर्क काम नहीं करता है वहां वायरलेस सेट के साथ-साथ सेटेलाइट फोन की व्यवस्था की जा रही है। लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और निष्पक्ष संपन्न करवाने के लिए झारखंड पुलिस का हर सीनियर से लेकर जूनियर अफसर और कर्मी लगातार मेहनत कर रहे हैं। खासकर नक्सल प्रभावित जिलों में किसी भी तरह से कोई भी चूक ना हो इसके लिए लगातार तैयारियां जारी हैं। नक्सलियों के खिलाफ अभियान तो चलाया ही जा रहा है साथ ही नक्सल प्रभावित इलाकों में जहां-जहां कम्युनिकेशन के साधन नहीं है वहां वैकल्पिक साधन तैयार किया जा रहे हैं ताकि मतदान केंद्र से सुरक्षाकर्मियों के साथ साथ दूसरे लोग भी एक-दूसरे के संपर्क में रहें। पुलिस की टीम के द्वारा नक्सल प्रभावित इलाकों में पड़ने वाले नो नेटवर्क एरिया को चिन्हित कर लिया गया है। रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे लगातार पेशरार जैसे अति नक्सल प्रभावित इलाको का दौरा के रहे हैं। डीआईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि रांची रेंज के 5 जिलों रांची, गुमला, खूंटी, लोहरदगा और सिमडेगा से तीन नक्सल प्रभावित है। रांची रेंज में पड़ने वाले खूंटी, गुमला और लोहरदगा नक्सल प्रभावित है। तीनों जिलों में नक्सलियों का कोई प्रभाव मतदान के दौरान ना हो इसके लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। डिमाइनिंग कर पूर्व से नक्सलियों का द्वारा लगाए गए आईईडी बमों को निष्क्रिय किया जा रहा है। रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि उन्होंने खुद रांची रेंज के सभी जिलों में पड़ने वाले नक्सल प्रभावित मतदान केंद्रों का भ्रमण किया है। मतदान केंद्रों पर जो कमियां पाई गई हैं उन्हें जल्द दूर करने का निर्देश दिया गया है।

डीआईजी ने बताया कि लोहरदगा, गुमला और खूंटी में कई ऐसे इलाके हैं जहां किसी भी कंपनी का मोबाइल नेटवर्क काम नहीं करता है। ऐसे स्थान पर संचार की सुविधा उपलब्ध करवाना आवश्यक है। इसके लिए वायरलेस कम्युनिकेशन को डेवलप किया जा रहा, साथ ही साथ सेटेलाइट फोन का भी प्रयोग किया जाएगा।

### नशीला पदार्थ के उत्पादन और कारोबार को लेकर डीजीपी करेंगे समीक्षा बैठक

रांची, सूत्रकार

नशीला पदार्थ के उत्पादन और कारोबार को लेकर डीजीपी अजय कुमार सिंह समीक्षा बैठक करेंगे। 23 अप्रैल को डीजीपी जिले के एसएसपी, एसपी के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक करेंगे। गौरतलब है कि राज्य के विभिन्न जिलों के 24 थानों में नशे (ब्राउन शुगर, अफीम, गांजा, डोडा या दूसरे मादक पदार्थ) का कारोबार सबसे अधिक होता है। चतरा जिला का सदर थाना क्षेत्र पहले पायदान पर है। वहीं राजधानी का सुखदेवनगर थाना क्षेत्र 12वें, लोअर बाजार थाना क्षेत्र 19वें और नामकुम थाना क्षेत्र 22वें नंबर पर है। थानावार दर्ज किये गये केस के विश्लेषण से यह स्पष्ट है कि राज्य के 24 थाना ऐसे हैं, जिनके क्षेत्र में ब्राउन शुगर, अफीम, गांजा, डोडा या दूसरे मादक पदार्थ की बरामदगी को लेकर सबसे अधिक केस दर्ज किये गये। इससे स्पष्ट है कि इन थाना क्षेत्रों में सबसे अधिक नशे का कारोबार होता है। इस सूची में चतरा जिला टॉप पर है। यहां उक्त अवधि में एनडीपीएस एक्ट के तहत सबसे अधिक 506 यानी 21 प्रतिशत केस दर्ज किये गये हैं।

### ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री कर रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



रांची, सूत्रकार

ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री कर रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रविवार को कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए सुखदेवनगर थाना क्षेत्र स्थित इरगु टोली से प्रदीप कुमार को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने सात ग्राम ब्राउन शुगर समेत कई अन्य सामान बरामद किया है। गौरतलब है कि कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पिछले कई दिनों से ब्राउन शुगर के कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पुलिस ने बीस से अधिक ड्रग पैडलर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## उलगुलान न्याय महारैली में टाना भगत और बिरसा के अनुयायी भी शामिल हुए

रांची, सूत्रकार



राजधानी रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित इंडिया गठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली में विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं का महाजुटान शुरू हो गया है। कार्यकर्ता हाथ में कांग्रेस, झामुमो, माकपा, आप समेत अन्य राजनीतिक पार्टियों का झंडा और तख्तियां लेकर रैली में पहुंच रहे हैं। वहीं कुछ कार्यकर्ता हेमंत सोरेन का मुखौटा पहनकर भी रैली में होने आ रहे हैं। पश्चिम सिंहभूम के बिरसा अनुयायी भी महारैली में शामिल होने पहुंचे हैं। मौके पर उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जल, जंगल और जमीन बचाने के लिए अंग्रेजों से लड़े थे। उसी प्रकार राज्य की खनिज संपदा बचाने और उसे सुरक्षित रखने के लिए महारैली में आये हैं। इधर टाना भगत भी सफेद वस्त्र पहनकर और हाथ में घंटी और भेर बजाते हुए इंडिया गंठबंधन की महारैली में पहुंचे हैं। प्रभात तारा मैदान में छह इंट्री गेट बनाये गये हैं। हर इंट्री गेट में 5 प्रवेश द्वार है। वहीं महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार बनाये गये हैं। वहीं महिला प्रवेश द्वार में महिला और पुरुष प्रवेश द्वार में पुरुष जवान की तैनाती की गयी है। कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों की प्रवेश द्वार पर तालाशी ली जा रही है। इसके बाद उनको अंदर प्रवेश करने दिया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर 24 एलईडी स्क्रीन भी लगाये गये हैं। उलगुलान महारैली में कार्यकर्ताओं के बैठने के लिए 36 युनिट बनाये गये हैं। एक युनिट में करीब एक हजार से अधिक लोगों के लिए बैठने की व्यवस्था की गयी है।

### मोरहाबादी मैदान में रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन

## युवाओं के साथ अधिकारियों ने भी लगायी दौड़

रांची, सूत्रकार



रांची के मोरहाबादी मैदान में आज रविवार को स्वीप के तहत लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रन फॉर डेमोक्रेसी (मिनी मैराथन) का आयोजन किया गया। इससे पहले झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे, रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, एसडीओ उत्कर्ष कुमार, राज्य स्वीप नोडल पदाधिकारी देवदास दत्ता, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर मिनी मैराथन की शुरुआत की थी।

मिनी मैराथन में शामिल युवाओं ने मोरहाबादी मैदान के चारों ओर तीन चक्कर लगाये। साथ ही झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने भी दौड़ लगायी। पुरुष वर्ग में पवन सिंह ने प्रथम, विकेश कुमार ने द्वितीय और अनूप उरांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में ममता कुमारी को पहला, नीता कुमारी को दूसरा तथा शीतल कुमारी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। विजेताओं को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। इसके बाद मोरहाबादी मैदान में डीजे इवेंट का भी आयोजन किया गया, जिसमें मतदाता जागरुकता से संबंधित गीतों और धुनों पर युवा जमकर झूमे।

के रवि कुमार मैराथन के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए संदेश दिया कि मतदान करने जरूर जायें। मतदान करने से देश मजबूत होता है। साथ ही लोकतंत्र के इस महापर्व में हमारी हिस्सेदारी सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि हम सभी एक दूसरे को मतदान के प्रति जागरूक करें। पूरे परिवार के साथ लोकतन्त्र के महापर्व में उत्साह के साथ अपनी भागीदारी निभायें। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन सरकारी तथा निजी संस्थानों में सवैतनिक अवकाश भी रहेगा। इसका सार्थक उपयोग करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है।

### इतिहास से सबक लेकर हम बेहतर भविष्य बना सकते : हरिवंश

रांची, सूत्रकार

रांची के प्रेस क्लब में रविवार को बसंत हेतमसरिया की पुस्तक विश्वयुद्ध और बढ़ते अलगाव के साये में स्वतंत्रता आंदोलन का विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरिवंश थे। उन्होंने कहा की आज दुनिया में सबसे बड़ी होड़ टेक्नोलॉजी को लेकर है। मॉडर्न टेक्नोलॉजी आज आपको कंट्रोल कर रही है। जब दुनिया तोप से लड़ रही थी, तब आपके हाथ में तलवार थी, नतीजतन आप युद्ध हार गये। इतिहास से सबक लेकर हम बेहतर भविष्य बना सकते हैं। पुस्तक की तारीफ करते हुए हरिवंश ने कहा कि यह पुस्तक आपका साक्षात्कार इतिहास से करवाती है। यदि हम इतिहास से सबक नहीं लेते तो हमारा भविष्य भी संकट में पड़ता है। हरिवंश ने कहा कि रामगढ़ कांग्रेस अधिवेशन में शामिल बड़े नेताओं ने 1940 में जिन मुद्दों पर चिंता जताई थी, कालांतर में वो सभी कुछ घटित हुआ और सबलोग देखते रह गये। उन्होंने कहा कि गांधी जी चाहते थे, कि वे एक अनुशासित कांग्रेस बनाएं, जो उसूलों पर चलें, लेकिन वे बना नहीं पाए। उन्होंने कहा कि पहले नेताओं को अपनी बात सुनाने के लिए कार्यकर्ताओं को बुलाने की जरुरत नहीं पड़ती थी, लोग स्वतः अपने नेताओं को सुनने चले आते थे, लेकिन आज परिस्थितियां बदल चुकी है। पुस्तक विमोचन समारोह में आए अतिथियों का स्वागत करते हुए लेखक बसंत हेतमसरिया ने बताया कि रामगढ़ में पैदा होने के कारण 1940 का रामगढ़ कांग्रेस अधिवेशन उनको हमेशा। रोमांचित करता था लेकिन उन्होंने पाया कि इस विषय पर बहुत कम लेखन हुआ था। इस कारण उन्होंने तत्कालीन समाचार पत्रों को पढ़कर और लगभग पांच दर्जन पुस्तकों को खंगालकर इस पुस्तक को तैयार किया है।

### अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने नामकुम में की बैठक

## सैनिकों के कारण ही पूरी तरह सुरक्षित है : संजय सेठ

रांची, सूत्रकार



अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद रांची झारखंड की बैठक नामकुम स्थित बरगांवा मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह व अध्यक्षता सेवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल अखोरी रंजन सिन्हा ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप मे सांसद संजय सेठ,विशिष्ट अतिथि के रूप मे पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, कुणाल आजमानी,गुरविंदर सिंह सेठी उपस्थित हुए। पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ ने कहा कि वास्तव मे देश सैनिकों के कारण ही पूरी तरह सुरक्षित है। केंद्र की नीति और सैनिकों की ताकत के कारण ही आज भारत नये रूप मे दुनिया के सामने खड़ा है। आसमान से लेकर पाताल तक की ताकत को दुनिया देख रही है। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद सह चुनाव प्रमुख अजय मारू ने कहा कि भारत आज सैनिकों की बदौलत कश्मीर से लेकर कन्या कुमारी तक एक है।

21वीं सदी का यह भारत पिछले दस वर्षों में नये ताकत के साथ दुनिया के सामने खड़ा है। कार्य क्रम में पूर्व सैनिकों की बातों को रखते हुए सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने कहा कि पूर्व सैनिकों को पूरे देश मे जिस तरह सुविधा दी जाती है उसी तरह झारखंड मे भी सविधा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश का एक एक वीर सैनिक जब सरहद पर सोता हूँ तब देश का हरेक नागरिक चैन की नींद सोता है। आज ऐसे सैनिकों को उनका सम्मान मिलना ही चाहिए। अतिथियों का स्वागत अरुण झा, सविता देवी, ललन ठाकुर, शिल्पी शालिनी,ने बुके व अंग वस्त्र देकर किया। कार्यक्रम मे सूबेदार अरुण कुमार झा, सूबेदार ललन ठाकुर, अरुण तिवारी,अक्षय मिश्रा, सुरेश पांडेय,बिकु सिंह, एन पी सिन्हा, संगीता उराव,रीता देवी,रूपा देवी, शारदा देवी, बिनोद सिंह, पृथ्वी राज, कृष्णा कुमार, नंद किशोर सिंह,सहित सैकड़ों की संख्या मे पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

## भाजपा के सभी मोर्चों ने झारखंड में जीत के लिए झोंकी ताकत

रांची, सूत्रकार

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा के सभी सात मोर्चों ने अपनी ताकत झोंक दी है। 14 लोकसभा सीट पर पार्टी प्रत्याशियों को जिताने के लिए मोर्चों के कार्यकर्ता भीषण गर्मी में पसीना बहा रहे हैं। समाज के हर वर्ग को साधने के लिए सभी मोर्चे अलग-अलग कार्यक्रम के जरिये पार्टी के पक्ष में वोट जुटाने की कोशिश में लगे हैं। सभी मोर्चे लोकसभा और विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं। युवाओं, किसानों, महिलाओं, एसटी, एससी, दलितों और बुद्धिजीवियों से संवाद हो रहा है। डोर टू डोर कैंपेन भी शुरू हो चुका है। झारखंड के 14 लोकसभा सीटों में से पांच सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। 2019 के चुनाव में भाजपा इनमें से 2 सीटों (चाईबासा, राजमहल) में चुनाव हार गई थी। हारी हुई दोनों सीटों समेत सभी लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा एसटी मोर्चा ने अपनी गतिविधि तेज कर दी है। आदिवासी समुदाय के लोगों से संपर्क बढ़ गया है। 25 अप्रैल से जनजाति सम्मेलन के जरिये सभी लोकसभा क्षेत्रों में आदिवासियों को साधने की कवायद शुरू होगी। भाजपा युवा मोर्चा राज्य के सभी पंचायतों में युवा चौपाल लगाकर युवाओं को भाजपा की ओर खींचने की कोशिश कर रही है। पिछले एक महीने से यह कार्यक्रम चल रहा है। युवा चौपाल के जरिये मोर्चा युवाओं को यह बता रही है कि झामुमो की सरकार ने युवाओं को नौकरी, बेरोजगारी भत्ता के नाम पर ठगा। मोर्चा के कार्यकर्ता फर्स्ट टाइम वोटर्स से भी संपर्क कर उन्हें अपने सम्मेलनों में लाने की कोशिश कर रहे हैं। मोर्चा प्रत्याशियों के नॉमिनेशन के बाद हर जिले में युवा सम्मेलन करेगा। हर जिले में बाइक रैली भी निकाली जाएगी। भाजपा पिछड़ा मोर्चा तीन कार्यक्रमों के जरिये युवाओं और पिछड़ों को साधने की कोशिश में लगा है। सभी लोकसभा क्षेत्रों में सामाजिक सम्मेलन के साथ



सभी विधानसभा क्षेत्रों में युवा संवाद के साथ-साथ छात्रावास संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। 33 विधानसभा क्षेत्रों में सामाजिक सम्मेलन संपन्न हो चुका है। छात्रावास जनसंपर्क के तहत मोर्चा के कार्यकर्ता अपने क्षेत्रों में पड़ने वाली सभी छात्रावासों में जाकर युवाओं से मिल रहे हैं और उन्हें भाजपा की नीतियों और कार्यक्रमों की जानकारी दे रहे हैं। भाजपा महिला मोर्चा महिलाओं के बीच भाजपा की अच्छाइयों को लेकर पहुंच रही है। मोर्चा मुख्य रूप से महिला संपर्क अभियान चला रही है। इसके तहत मोर्चा के कार्यकर्ता गांव-गांव और बस्ती-बस्ती पहुंच रहे हैं। जिला से बूथ स्तर तक बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। स्वयंसेवी समूह की महिलाएं, एनजीओ और केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से मिलकर उन्हें साधने की कोशिश चल रही है। मोर्चा जल्द ही बड़ा सम्मेलन करेगी और घर-घर संपर्क अभियान शुरू होगा। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश प्रदेश के अल्पसंख्यक वोटरों के बीच पार्टी को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। राज्य के 21 विधानसभा क्षेत्रों में मुस्लिम समुदाय की आबादी अधिक है। इसे देखते हुए मोर्चा ने अपनी रणनीति बनाई है। पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता राजमहल, चतरा, गोड्डा समेत सभी 21 विधानसभा क्षेत्रों में प्रवास कर रहे हैं। अल्पसंख्यकों से संवाद, सम्मेलन और डोर टू डोर कैंपेन भी जल्द शुरू होने वाला है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने सभी लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी अभियान तेज कर दिया है। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास खुद सभी लोकसभा क्षेत्रों में तीन-तीन दिन प्रवास कर रहे हैं। हर लोकसभा क्षेत्र में मोर्चा के प्रभारी बना दिये गये हैं। बैठकों का दौर जारी है। हर लोकसभा क्षेत्र से अनुसूचित जाति का 80 फीसदी वोट भाजपा के पक्ष में जाए इसी लक्ष्य को लेकर काम किया जा रहा है। भाजपा किसान मोर्चा ने सभी लोकसभा क्षेत्र में किसानों से संपर्क बढ़ा दिया है। मोर्चा का ग्राम संपर्क यात्रा समाप्त हो चुका है। इस यात्रा में मोर्चा के कार्यकताओं ने किसानों को यह बताया कि मोदी सरकार ने किसानों के हित में कई योजनाएं शुरू की। किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया है। मोर्चा के सभी लोकसभा प्रभारी लगातार बैठकें कर रहे हैं। प्रत्याशियों के नामांकन के बाद मोर्चा प्रगतिशील किसानों का सम्मेलन आयोजित करेगा।

न्यूज फ्लैश

## गमी में रक्त की किल्लत को मिटाने के लिये दिशा फाउंडेशन और भोबेगुहरे ने लगाया रक्तदान शिविर

**खड़गपुर** . शहर में प्रचंड गमी और कड़ी धूप का सीधा असर खड़गपुर शहर और जिला के अस्पतालों के ब्लड बैंक पर भी पड़ रहा है.अस्पतालों के ब्लड बैंक में रक्त की किल्लत की समस्या उत्पन्न हो गयी है ।इस समस्या को मिटाने के लिये खड़गपुर शहर के दो सामजिक संगठन ने दिशा फाउंडेशन और भोबेगुहरे ने खड़गपुर शहर के दो अलग अलग जगहों रक्तदान शिविर लगाया ।जिसमें 76 लोगों ने रक्तदान किया.जिसमे 16 महिलाएं भी शामिल है ।दिशा फाउंडेशन की ओर से खड़गपुर शहर के खरिदा इलाके में भारती विद्यापीठ स्कूल परिसर में रक्तदान शिविर लगाया,रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर खड़गपुर नगरपालिका की चेयरमैन कल्याणी घोष ,पार्षद प्रबीर घोष ,पूर्व पार्षद देवाशीष चौधरी ,अर्नब जाना ,सोमनाथ बिसोई,तपन कुमार पाल,असीमा बिसोई और रत्ना सेन सहित कइ गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.शिविर में 40 लोगों ने रक्तदान किया।जिसमे 7 महिलाएं भी शामिल है.शिविर में संग्रह किया गया रक्त खड़गपुर महकमा अस्पताल के ब्लड बैंक को सौंपा गया ।वही खड़गपुर शहर के साउथ साइड इलाके में भोबेगुहरे नामक संगठन ने भी रक्तदान शिविर लगाया ।संगठन के प्रेसिडेंट अभिषेक कुमार दे ने बताया कि हमारे शिविर में रक्तदाता ही मुख्य अतिथि थे.शिविर में 36 रक्त वीरों ने रक्तदान किया,जिसमे 9 महिलाएं भी शामिल है ।मालूम हो कि

भीषण गमी की शुरुआत का असर अब खून पर भी पड़ने लगा है। जिले के ब्लड बैंकों में खून की किल्लत होने लगी है, लिहाजा रक्त की किल्लत से जरूरतमंद लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

## प्रचंड गमी में कराटे प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**खड़गपुर** .खड़गपुर शहर के मालिंचा इलाके में स्थित प्रेमहरि भवन परिसर में रविवार को सेकेंड इंविटेशनल जापान केन्यू रीयू ओपेन कराटे चैम्पियनशिप का कराटे डोजो डेन के बैनर तले प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे डेढ़ सौ से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया ।प्रचंड गमी के बीच प्रतियोगिता में शामिल हुये खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के चीफ रेफरी रेन्सीह आनंद गोस्वामी ,सेनसुइ दीपंकर सरदार और सेनसुइ अंकित केशरवानी के सामने कराटे के दावपेंच और दमखम दिखलाया ।प्रतियोगिता में सफल हुये खिलाड़ियों को मेडल और सम्मान पत्र से नवाजा गया ।सेनसुइ अंकित केशरवानी ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बालक बालिकाओं को शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाकर आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ाना है ।खिलाड़ियों ने प्रचंड गमी में जिस तरह से प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर कराटे के अपने दांवपेंच का प्रदर्शन किया,वह तारीफे काबिल है।

## गुरुग्राम के धनवापुर इलाके में पार्षद और पड़ोसी के बीच मारपीट और गोलीबारी के बाद तनाव का माहौल

गुरुग्रामः साइबर सिटी गुरुग्राम के धनवापुर इलाके में उस समय दहशत फैल गई जब धनवापुर गांव के एक दबंग पूर्व पार्षद ने अपने गैंगस्टर भाई के साथ मिलकर शुक्रवार रात 8.30 बजे पड़ोसी परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया. इस दौरान आधा दर्जन लोग घायल हो गये और 5 वाहन क्षतिग्रस्त हो गये. घायलों को अस्पताल ले जाया गया और घटना की सूचना गुरुग्राम पुलिस को दी गई। देखते ही देखते धनवापुर गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया. दरअसल घटना शुक्रवार रात 8.30 बजे की है जब धनवापुर गांव के दो परिवारों में पुरानी दुश्मनी के चलते झगड़ा हो गया. सड़कों पर पड़े ईंट-पत्थरों के ढेर देखकर आप अंदाजा लगा सकते हैं कि मंजर कितना भयानक रहा होगा. इस बीच आधा दर्जन से अधिक वाहन क्षतिग्रस्त हो गये. गाड़ियों की हालत दहशत की कहानी बयां कर रही है. इस दौरान करीब आधा दर्जन गोलियां चलीं, लेकिन सौभाग्य से किसी को गोली नहीं लगी. घटना के दौरान घायल हुए लोगों के परिजनों का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले पार्षद नवीन दहिया और उनके गैंगस्टर भाई समेत दजर्नों बदमाशों ने अचानक उनके घर पर पथराव शुरू कर दिया. जब उन्हें रोकने की कोशिश की गई तो वे दिनेश दहिया के घर में घुस गए और उनके परिवार के सदस्यों को लाठी-डंडों से पीटा गया और कई राउंड फायरिंग की गई। प्रत्यक्षदशिर्यो के मुताबिक इस दौरान उनकी गाड़ियों पर पथराव किया गया, जिससे सभी गाड़ियों को भारी नुकसान पहुंचा है. सूचना तुरंत गुरुग्राम पुलिस को दी गई, जिसके बाद पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया. गुरुग्राम पुलिस के मुताबिक, यह घटना आपसी दुश्मनी के कारण हुई, जिसमें आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए. दोनों परिवार धनवापुर गांव के रहने वाले हैं. पुलिस की प्रारंभिक जांच में इस घटना में उपनगर के पार्षद और उसके भाई सुनील उर्फ तोता के शामिल होने का संदेह है. धनवापुर गांव में 2 दर्जन से अधिक पुलिसकमी तैनात किये गये थे. बहरहाल पुलिस आगे की जांच में जुट गई है.

## 60 वषीय महिला के परिवार ने दो अन्य लोगों की जान बचाने के लिए उसके अंग दान करने का फैसला किया

हरियाणा : पीजीआईएमएस में ब्रेन डेड घोषित किए जाने के बाद एक 60 वषीय महिला के परिवार ने नेक कदम उठाते हुए दो अन्य लोगों की जान बचाने के लिए उसके अंग दान करने का फैसला किया।

ब्रेन हैमरेज के बाद महिला को पीजीआईएमएस में भती कराया गया था। न्यूरोसर्जन डॉ. ईश्वर सिंह के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम ने अपना सर्वश्रेष्ठ संभव इलाज किया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।

ह्लइसके बाद, डॉ. ईश्वर ने मृत्यु प्रमाणपत्र समिति को सचेत किया। पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ. एसएस लोहचब और चिकित्सा अधीक्षक (एमएस) डॉ. कुंडल मित्तल ने रोगी के मस्तिष्क की सटीक स्थिति निर्धारित करने के लिए नैदानिक परीक्षण और अन्य परीक्षणों के लिए एक समिति का गठन किया। समिति ने उसे ब्रेन डेड भी पाया, ह्वपीजीआईएमएस के एक अधिकारी ने कहा।

उन्होंने कहा कि महिला के परिवार के सदस्यों, जिनमें उनके पति, एक सेवानिवृत्त कर्नल शामिल थे, को स्थिति से अवगत कराया गया और अन्य लोगों की जान बचाने के लिए मरीज के अंगों को दान करने का आग्रह किया गया। परिवार ने उनकी यादों को जीवित रखने के लिए विनम्रतापूर्वक उनकी किडनी, लीवर, फेफड़े और आंखें दान करने का फैसला किया। उनकी सहमति मिलने पर, संबंधित संस्थानों को सूचित किया गया और विभिन्न अस्पतालों की टीमें आगे की प्रत्यारोपण सजरी के लिए अंग प्राप्त करने के लिए पीजीआईएमएस पहुंचीं। उन्होंने बताया कि महिला का लीवर, किडनी और आंखें दान कर दी गईं, लेकिन फेफड़े दान नहीं किए जा सके क्योंकि वे किसी भी मरीज के अनुकूल नहीं पाए गए।

डॉ. लोहचब ने कहाः ह्लअंगों को इकट्ठा करने के लिए बेंगलुरु और नई दिल्ली से टीमें यहां पहुंचीं। शरीर से किसी अंग को निकालने के बाद कुछ घंटों की सीमित अवधि होती है जिसके भीतर उसे दूसरे शरीर में प्रत्यारोपित करना होता है, अन्यथा उसे अपूरणीय क्षति होती है। उन्होंने कहा, "रोहतक से दिल्ली तक तत्काल प्रभाव से ग्रीन कॉरिडोर उपलब्ध कराने में मदद के लिए जिला पुलिस से भी संपर्क किया गया।"

डॉ. लोहचब ने कहा, ₹कभी-कभी पीजीआईएमएस-रोहतक से दिल्ली पहुंचने में लगभग 3 से 4 घंटे लग जाते हैं, लेकिन रोहतक पुलिस की मदद से एम्बुलेंस दो घंटे से भी कम समय में लीवर लेकर यहां से दिल्ली पहुंच गई ।₹

एमएस डॉ. मित्तल ने कहा कि मेडिकल कारणों से पीजीआईएमएस में दोनों किडनी एक ही मरीज में प्रत्यारोपित की गईं।

स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अनित सक्सेना ने कहा कि परिवार ने मरीज के अंगों को दान करके अनुकरणीय भावना दिखाई है क्योंकि यह अन्य लोगों को जीवन प्रदान करेगा।

# बेतरतीब पार्किंग से पानीपत अस्पताल में परेशानी

यहां सिविल अस्पताल के परिसर में बेतरतीब ढंग से खड़े वाहन मरीजों, उनके तीमारदारों और यात्रियों के लिए चिंता का एक प्रमुख कारण बन गए हैं। सूत्रों के अनुसार, कमर्चारियों को कई बार उच्च अधिकारियों द्वारा निःशुल्क पार्किंग की सुविधा का लाभ उठाने और महत्वपूर्ण ब्लॉकों के प्रवेश द्वार को बाधित न करने का निर्देश दिया गया है, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। अस्पताल परिसर में ट्रैफिक जाम और भीड़भाड़ का एक बड़ा कारण वाहनों की बेतरतीब पार्किंग भी बन गई है सिविल अस्पताल की नई इमारत का निर्माण 42 करोड़ रुपये की लागत से किया गया था और एक विशेष तीन मंजिला मल्टी-लेयर पार्किंग स्थल का भी निर्माण किया गया था। लेकिन, पार्किंग सुविधा अप्रयुक्त पड़ी है क्योंकि अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वारों और मुख्य सड़क पर सैकड़ों वाहन खड़े देखे जा सकते हैं




ओपीडी ब्लॉक और आपातकालीन ब्लॉक के मुख्य प्रवेश द्वार पर बड़ी संख्या में मोटरसाइकिलें खड़ी देखी जा सकती हैं। यहां तक कि अस्पताल भवन के पास सरकारी गाड़ियां, एंबुलेंस और डॉक्टरों व स्वास्थ्य विभाग के कमर्चारियों की गाड़ियां भी ठीक से पार्क नहीं की जाती हैं, जिससे लोगों को काफी असुविधा होती है.

हालांकि अस्पताल में तीन मंजिला मुफ्त पार्किंग की सुविधा है और सभी कमर्चारियों को अपने वाहन वहां पार्क करने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन समस्या बनी हुई है। वाहनों की बेतरतीब पार्किंग के कारण ऐसे मामले सामने आए हैं जब एम्बुलेंस की आवाजाही भी प्रभावित हुई है। गलत पार्किंग को रोकने के लिए प्रवेश द्वारों पर निजी गार्डों की तैनाती के बावजूद, मरीजों के परिचारक ओपीडी ब्लॉक, मुख्य भवन और आपातकालीन वार्ड के मुख्य प्रवेश द्वार को अवरुद्ध करने में कामयाब होते हैं। सूत्रों के मुताबिक, कमर्चारियों को कई बार उच्च अधिकारियों द्वारा निःशुल्क पार्किंग की सुविधा का लाभ उठाने और महत्वपूर्ण ब्लॉकों के प्रवेश द्वार को बाधित नहीं करने का निर्देश दिया गया है, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। सिविल अस्पताल की नई इमारत का निर्माण 42 करोड़ रुपये की लागत से किया गया था और एक विशेष तीन मंजिला मल्टी-लेयर पार्किंग स्थल का भी निर्माण किया गया था। लेकिन, पार्किंग सुविधा अप्रयुक्त पड़ी है क्योंकि अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वारों और मुख्य सड़क पर सैकड़ों वाहन खड़े देखे जा सकते हैं। सिविल सर्जन डॉ. जयंत आहूजा और उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित पोरिया ने भी हाल ही में अस्पताल का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया. डॉ. आहूजा ने कहा कि डॉक्टरों और कमर्चारियों को अपने वाहन मल्टी-लेयर पार्किंग स्थल में पार्क करने के निर्देश दिए गए हैं और सुरक्षा गार्डों से भी कहा गया है कि वे लोगों को ओपीडी और आपातकालीन ब्लॉक के मुख्य प्रवेश द्वारों पर अपने वाहन पार्क करने से रोकें। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु देखभाल अस्पताल के पूरा होने के बाद स्थिति में सुधार होने की संभावना है, जिससे मल्टी-लेयर पार्किंग स्थल तक जाने वाली सभी सड़कों तक आसानी से पहुंचा जा सकेगा।

## कुरुक्षेत्र प्रशासन ने बाल विवाह रोकने के लिए निगरानी बढ़ा दी

इस महीने जिले में दो बाल विवाह रोकने के बाद, स्थानीय प्रशासन और संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करने के लिए कमर कस रहे हैं कि 10 मई को पड़ने वाली अक्षय तृतीया पर ऐसा कोई अपराध न हो।

जानकारी के अनुसार, हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक ने राज्य के सभी उपायुक्तों को लिखे पत्र में उन्हें निगरानी बढ़ाने और सभी संबंधित अधिकारियों को बाल विवाह की परंपरा को तोड़ने के लिए सभी निवारक उपाय करने का निर्देश देने का निर्देश दिया था। अक्षय तृतीया.

जिले के एक अधिकारी ने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम (पीसीएमए) के तहत बाल विवाह अवैध है और लोगों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों और इसके परिणामों के बारे में जागरूक करने के लिए विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। बाल विवाह बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा अधिकारों का उल्लंघन करता है और समाज में कई अन्य समस्याएं



पैदा करता है। ऐसे विवाहों की सूचना देना बहुत जरूरी है, इसलिए जन प्रतिनिधियों, गैर सरकारी संगठनों और अन्य लोगों से अनुरोध है कि वे आगे आएं और बाल विवाह रोकने में मदद करें। संरक्षण-सह-कुरुक्षेत्र निषेध अधिकारी भानु गौड़ ने कहा, ह्लबाल विवाह को लेकर नियमित अभियान चलाए जा रहे हैं। हम लोगों से बाल विवाह की रिपोर्ट करने के लिए कह रहे हैं ताकि उचित कार्रवाई की जा सके। कुरुक्षेत्र के उपायुक्त शांतनु शर्मा ने पहले ही सभी संबंधित विभागों को निगरानी बढ़ाने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि जिले में कोई बाल विवाह न हो।

धर्मस्थलों और विवाह महलों के सेवा प्रदाताओं, प्रबंधकों और पुजारियों के साथ बैठकें की जा रही हैं। उन्हें बाल विवाह में शामिल होने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी जा रही है। जिन इलाकों में पहले ऐसी शिकायतें मिली हैं, वे भी रडार पर होंगे। स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की एक सूची तैयार की गई है और एक रिपोर्ट के अनुसार, जिले में 15 से 18 वर्ष की आयु के 2,800 से अधिक छात्र हैं। अधिकारी ने कहा, "हम आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महिलाओं को जागरूक कर रहे हैं। बाल विवाह के बारे में प्रारंभिक जानकारी महत्वपूर्ण है। जैसे ही हमें सूचना मिलती है, हम मौके पर पहुंचते हैं, परिवारों को शादी आगे न बढ़ाने के लिए कहा जाता है और काउंसलिंग की जाती है।

## सिरसा अनाज मंडी में चिंता का विषय बने हुए हैं आवारा जानवर

जिलेभर की मंडियों में गेहूं और सरसों की फसल की खरीद जोरों पर है। फसल खरीद और मंडियों के प्रबंधन को लेकर प्रशासन के दावों के बावजूद सिरसा अनाज मंडी अन्य मुद्दों में घिरती नजर आ रही है।

हरियाणा : जिलेभर की मंडियों में गेहूं और सरसों की फसल की खरीद जोरों पर है। फसल खरीद और मंडियों के प्रबंधन को लेकर प्रशासन के दावों के बावजूद सिरसा अनाज मंडी अन्य मुद्दों में घिरती नजर आ रही है।

शहर की अनाज मंडी इन दिनों आवारा पशुओं के आतंक से जूझ रही है। दिन भर आक्रामक आवारा जानवर आपस में लड़ते रहते हैं, जिससे लोगों की जान को खतरा पैदा हो जाता है।

मंडी में आए दिन हंगामा होने के साथ ही आक्रामक जानवरों की मौजूदगी से हादसों का खतरा बढ़ जाता है। जिला प्रशासन और मार्केट कमेटी ने मंडी से आवारा पशुओं को हटाने के लिए अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। एसोसिएशनों, मजदूर यूनियनों और किसानों ने मांग की है कि संबंधित विभाग तुरंत समस्या का समाधान करे. जैसे-जैसे फसल कटाई जोर पकड़ रही है, मंडी में गेहूं और सरसों की आवक बढ़ती जा रही है।

एक स्थानीय किसान राज कुमार बेनीवाल, जो पिछले चार दिनों से अपनी फसल बेचने के लिए मंडी में डेरा डाले हुए हैं, ने कहा, ह्लअनाज बाजार में आवारा जानवरों की समस्या हर गुजरते दिन के साथ बढ़ती जा रही है। आवारा पशुओं के कारण कई दुर्घटनाएं होती हैं। जिला प्रशासन और बाजार समिति को तुरंत इस मुद्दे का समाधान करना चाहिए।

एक अन्य किसान महेंद्र पाल ने कटाई के मौसम के दौरान अनाज बाजार में आवारा जानवरों की



संख्या में वृद्धि पर चिंता व्यक्त की। सिरसा आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोहर लाल मेहता ने कहा, ह्लअनाज मंडी में आवारा जानवरों की मौजूदगी चिंता का कारण है। गायों के अलावा, मंडी में बैल भी हैं, जो अक्सर आक्रामक हो जाते हैं। बाजार समिति को समस्या से अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि डीसी आरके सिंह के साथ बैठक में यह मुद्दा उठाया गया था. उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है।

मेहता ने कहा कि सिरसा मंडी में गेहूं का उठान धीमा है। उन्होंने कहा कि फसल उठाने के लिए जिम्मेदार ठेकेदार पर्याप्त वाहन उपलब्ध कराने में असमर्थ था। उन्होंने कहा कि सिरसा मंडी पूरी तरह से भीड़भाड़ वाली है।

सिरसा मार्केट कमेटी के सचिव वीरेंद्र मेहता ने कहा, "मौजूदा समय में मंडी में मजदूरों की कमी है. यही कारण है कि हम पर्याप्त गार्ड नहीं रख सकते। एक-दो दिन में मजदूरों की कमी दूर करने और अनाज मंडी में सुरक्षा बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। आवारा जानवरों को बाजार में प्रवेश करने से रोकने के लिए उपाय किए जाएंगे।

उन्होंने कहा, "इस साल जिले में 90 लाख क्विंटल गेहूं खरीद का लक्ष्य है. हालाँकि, फसल की बढ़ती आवक से पता चलता है कि यह आंकड़ा 1 करोड़ क्विंटल से अधिक हो सकता है।

इस बीच, मंडियों में अव्यवस्था ने किसानों, मजदूरों और व्यापारियों को परेशान कर दिया है। गुस्साए किसानों ने जिला प्रशासन को धरने की चेतावनी दी। इसके बाद डीसी ने संबंधित अधिकारियों की बैठक बुलाई और 24 घंटे के भीतर 30 लाख बैग गेहूं उठाने का लक्ष्य रखा।

## हरियाणा में केंद्रीय बलों की 15 कंपनियां तैनात



**हरियाणा** : हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल, जो चुनाव के दौरान केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती के लिए गठित राज्य समिति के अध्यक्ष भी हैं, ने कहा, ह्लनिष्पक्ष और पारदशी चुनाव कराना ईसीआई की प्राथमिकता है।

इसी के तहत राज्य में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा पुलिस के अलावा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की कंपनियां भी पूरी तैयारी के साथ तैनात की जा रही हैं. अब तक केंद्रीय बलों की 15 कंपनियां राज्य में आ चुकी हैं।

उन्होंने कहा, "केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की दो-दो कंपनियां अंबाला, हिसार, सिरसा और रोहतक लोकसभा क्षेत्रों में तैनात की जाएंगी। इसी तरह, सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के लिए भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की दो कंपनियां तैनात की जाएंगी। उन्होंने आगे कहा, ₹आईटीबीपी की एक-एक कंपनी कुरूक्षेत्र, करनाल, भिवानी-महेंद्रगढ़, गुड़गांव और फरीदाबाद में तैनात की जाएगी।

### यमुनानगर अनाज मंडियों में 1.31 लाख मीट्रिक टन गेहूं की आवक

हरियाणा :गेहूं की कटाई धीरे-धीरे तेज हो रही है, शनिवार को जिले की विभिन्न अनाज मंडियों में 16,852 मीट्रिक टन (एमटी) गेहूं की आवक हुई। उपलब्ध जानकारी के अनुसार 20 अप्रैल (शनिवार) तक जिले की अनाज मंडियों में कुल 1,30,832 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई।आने वाले दिनों में आवक बढ़ने की संभावना है क्योंकि देर से बोई गई गेहूं सहित अधिकांश फसल लगभग पक चुकी है और कटाई के लिए तैयार है। गेहूं और अन्य फसलों की खरीद के लिए यमुनानगर जिले में कुल 13 अनाज मंडियां हैं ।जानकारी के मुताबिक, जिले की सरस्वती नगर अनाज मंडी में 20 अप्रैल तक 24,880 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई. यह जिले में अब तक की सबसे ज्यादा फसल खरीद है. रादौर अनाज मंडी में, सरकारी एजेंसियों ने 21,580 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है, इसके बाद जगाधरी अनाज मंडी (19,324 मीट्रिक टन), बिलासपुर अनाज मंडी (17,978 मीट्रिक टन), प्रताप नगर अनाज मंडी (12,242 मीट्रिक टन), छछरौली अनाज मंडी (9,703 मीट्रिक टन) है। , साढौरा अनाज मंडी (7,365 मीट्रिक टन), रणजीतपुर अनाज मंडी (5,427 मीट्रिक टन), रसूलपुर अनाज मंडी (4,246 मीट्रिक टन), गुमथला राव अनाज मंडी (3,627 मीट्रिक टन), जठलाना अनाज मंडी (2,307 मीट्रिक टन), खारवन अनाज मंडी (2,036 मीट्रिक टन) और यमुनानगर अनाज मंडी (117 मीट्रिक टन)।

# किसानों के मुद्दे हिसार, सिरसा में चुनाव प्रचार को प्रभावित कर रहे

**हरियाणा :**

लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान दिए गए भाषणों में किसानों के मुद्दे हावी रहे हैं, खासकर ग्रामीण क्षेत्र में। हालांकि सत्तारूढ़ भाजपा का दावा अन्यथा है, लेकिन लोगों में नाराजगी है जो सरकार द्वारा किसानों के मुद्दों से निपटने से नाखुश हैं।

पुलिस ने 11 किसानों के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 107 और 150 के तहत रिपोर्ट (कलंदरा) दर्ज की है. उन्होंने 11 अप्रैल को नारनौंद शहर में भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। किसान कार्यकर्ता केंद्र सरकार द्वारा किए गए वादों और किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कड़े कदमों के बारे में अपने सवालों के साथ हिसार और सिरसा जिलों में भाजपा उम्मीदवारों का सामना कर रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह का नलवा गांव में कुछ युवाओं से उस




समय टकराव हो गया, जब उन्होंने खेतों की सिंचाई के लिए जल चैनल बनाने की बात कही। जब एक ग्रामीण ने इससे इनकार किया तो सिंह ने उसे कार्यक्रम स्थल से चले जाने को कहा. घटना का वीडियो आज सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया.

नारनौंद उपमंडल के मिलकपुर गांव के निवासी वजीर सिंह ने कहा, ह्लकिसान कार्यकर्ता वैध सवाल उठा रहे हैं। सत्तारूढ़ राजनेताओं से मुकाबला करने का यह सबसे उपयुक्त समय है। किसान पिछले कई वर्षों से प्रतिकूल व्यावसायिक परिस्थितियों के कारण परेशान हो रहे हैं। हालाँकि भाजपा सरकार ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था, लेकिन यह अधूरा है।

हम पूर्व भाजपा सांसद बृजेंद्र सिंह से पूछताछ करेंगे, जो हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए हैं। वह अपनी जवाबदेही से बच नहीं सकते क्योंकि वह खेती से संबंधित तीन काले कानूनों पर हस्ताक्षर करने वालों में से एक हैं। एक राजनीतिक विशेषज्ञ ने कहा कि यह पहली बार है कि उन्होंने किसानों के मुद्दों को वास्तव में चुनावी परिदृश्य पर हावी होते देखा है।

## कांग्रेस को उम्मीदवार ढूंढने में संघर्ष करना पड़ रहा है : पूर्व मंत्री विज



**हरियाणा :**

हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि कांग्रेस पिछले 10 वर्षों में राज्य में अपना संगठनात्मक ढांचा बनाने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि पाटी लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार ढूंढने में संघर्ष कर रही है।

शाहाबाद में मीडियाकमिर्यो से बात करते हुए, भाजपा नेता ने कहा, ह्लहालांकि कांग्रेस अपना संगठनात्मक ढांचा बनाने में विफल रही है, लेकिन भाजपा के पास पन्ना प्रमुख से लेकर वार्ड, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक एक मजबूत संगठन है। जो लोग चुनावों में ईवीएम के इस्तेमाल पर सवाल उठा रहे हैं, उन्हें तब सवाल उठाना चाहिए था जब कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों में चुनाव जीता था।

विज ने आगे कहा, "लोकसभा चुनाव के नतीजे दीवारों पर लिखे हुए हैं. भाजपा 400 से अधिक सीटें जीतने जा रही है।

संपादकीय

## बेलगाम हथियार

पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट की इस चिंता से सहमत हुआ जा सकता है कि समारोहों और अपराध में लाइसेंसी हथियारों का खूब इस्तेमाल हो रहा है। तंत्र की लापरवाही से उपजे हालात से खिन्न न्यायाधीश को कहना पड़ा कि पंजाब में लाइसेंसी हथियार जारी करने की कोई गाइड लाइन है? दरअसल, कोर्ट की पहल पर 13 नवंबर, 2022 को पंजाब सरकार द्वारा जारी आदेश में सार्वजनिक स्थानों तथा सोशल मीडिया पर फायर आर्म्स के उपयोग व प्रदर्शन पर रोक लगा दी गई थी। लेकिन इसके बावजूद कई जगहों पर सोशल मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन के मामले प्रकाश में आए थे। इतना ही नहीं शादी-विवाह व निजी कार्यक्रमों में ह्यहर्ष फायरिंगह्न के मामले भी अक्सर देखे जाते रहे हैं। निश्चित रूप से आग्नेय हथियारों का अविवेकशील उपयोग कभी भी दुर्घटनाओं को जन्म दे सकता है। वहीं हथियारों के उपयोग में सावधानी न बरते जाने से सार्वजनिक स्थलों में दुर्घटना की गुंजाइश लगातार बनी रहती है। लेकिन कोर्ट के आदेश व सरकार के प्रयासों के बावजूद इन परिस्थितियों पर अंकुश नहीं लग रहा है। जिसके चलते कोर्ट को सख्त टिप्पणी करने को मजबूर होना पड़ा है। इस बाबत हाईकोर्ट ने पंजाब के डीजीपी से सवाल किये कि क्या आर्म्ड लाइसेंस जारी करने मे शस्त्र अधिनियम 1959 के तहत कोई प्रोटोकॉल, दिशा-निर्देश या मानदंड निर्धारित हैं? पिछले पांच वर्ष में कितने आर्म्ड लाइसेंस जारी किये गये हैं? साथ ही स्पष्ट किया जाना चाहिए कि ये हथियार किस मकसद से जारी किये गए हैं? दरअसल, यह विडंबना ही है कि शासन-प्रशासन के स्तर पर ऐसे गंभीर व संवेदनशील मुद्दों पर पहल होनी चाहिए, उसकी याद हाईकोर्ट को दिलानी पड़ रही है। सत्ताधीश लोकलुभावन राजनीति के चलते समाज के अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज करते हैं। यही वजह है कि हाईकोर्ट को पूछना पड़ा कि 13 नवंबर, 2022 से प्रत्येक जिले में फायर आर्म्स के प्रदर्शन की जांच के लिये कितनी अचानक विजिट की गई? दरअसल, इस मुश्किल वक्त में जब लोग छोटी-छोटी बात पर आवेशित होकर हथियार निकाल लेते हैं, हथियारों का नियमन बेहद संवेदनशील ढंग से किया जाना चाहिए। वहीं दूसरी ओर हथियारों के लाइसेंस जारी करवाने के खेल में जो बिचौलियों की भूमिका होती है, उसे खत्म करने की दिशा में गंभीर प्रयास किये जाने चाहिए। साथ ही उन विभागीय काली भेड़ों की भी जांच हो जो लेनदेन करके अपात्र व्यक्तियों व संदिग्ध चरित्र के व्यक्तियों को लाइसेंस दिलाने में कामयाब हो जाते हैं। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील सीमावती पंजाब में अवैध हथियारों की बरामदगी के लिये विशेष अभियान चलाया जाना चाहिए। जो समाज व कानून व्यवस्था के लिये बेहद घातक साबित हो रहे हैं। पड़ोसी देश से ड्रोन के जरिये हथियार गिराने के अनेक मामलों के बाद हमें खतरनाक मंसूबों के प्रति सतर्क रहना जरूरी है। इस गंभीर स्थिति की निगरानी के लिये पुलिस व सीमा सुरक्षा बलों को अवैध हथियारों की बरामदगी के लिये सघन अभियान चलाने की जरूरत है।

# झूठ के हलफनामे और हलफनामों का झूठ .....

**राकेश अचल**

भारत के नेता कितना झूठ बोल सकते हैं ,इसकी कल्पना दुनिया का कोई मनोवैज्ञानिक,चिकित्स्क या वैज्ञानिक नहीं कर सकता । भारत के नेताओं की पोल उस वक्त खुलती है जब देश में चुनाव होते है। देश में इस समय लोकसभा के चुनाव चल रहे है। इन चुनावों में जो प्रत्याशी हैं उनके सम्पत्ति के बाबद दिए जा रहे हलफनामें देखकर हंसी आती है। लेकिन केंचुआ के पास ऐसी कोई दूरबीन नहीं है जो इन हलफनामों की जांच कर सके। इस मामले में सभी दलों के नेता एक से बढ़कर एक हैं।

> बहरहाल मेरा सुझाव है कि केंचुआ को प्रत्याशियों के हलफनामे आँखें बंदकर स्वीकार नहीं कर लेना चाहिये । बाकायदा इनका सत्यापन होना चाहिए। जनता से इन पर आपत्तियां आमंत्रित की जाना चाहिए ,क्योंकि हमारे नेता जितने जमीन के ऊपर दिखाई देते हैं उससे कहीं ज्यादा वे जमीन के नीचे होते हैं। नेता किसी भी दल का हो उसके पास खाने और दिखने के दांतों का सेट अलग-अलग ही होता है। अब आपकी जिम्मेदारी है कि आप अपने क्षेत्र के प्रत्याशियों के हलफनामों पर यकीन करें या न करे। उन्हें चुनौती दें या न दें ?देश में इस मामले में जो घल्लू-घारा दशकों से चल रहा है वो आगे भी चलेगा ,क्योंकि हमारी केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण ने कह दिया है कि यदि मोदी जी तीसरी बार सत्ता में आये तो इलेक्टोरल बांड फिर से लाये जायेंगे।

लोकसभा चुनाव में भाजपा का नेतृत्व करने वाले देश के गृहमंत्री श्री अमित शाह के हलफनामे से ही बात शुरू करते हैं। गांधीनगर से भाजपा उम्मीदवार और गृह मंत्री अमित शाह के पास 20 करोड़ की चल और 16 करोड़ की अचल संपत्ति है लेकिन शाह के पास खुद की कार नहीं है। आयोग में दाखिल चुनावी हलफनामे के अनुसार, उनके पास 72 लाख के गहने हैं। इनमें उनके खरीदे हुए सिर्फ 8.76 लाख के हैं। पत्नी के पास सोने के 1620 ग्राम और हीरे के 63 कैरेट के गहने हैं। गृह मंत्री के पास 24,164 रुपये नकद, 42 लाख का लोन भी। शाह साहब करोड़पति होकर भी कार क्यों नहीं खरीद पाए ये एक रहस्य है। इसका उद्घाटन वे खुद कर सकते हैं या राम जी।

कहते हैं कि राजनीति में आने से पहले वे मनसा में प्लास्टिक के पाइप का पारिवारिक व्यवसाय संभालते थे। वे बहुत कम उम्र में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गए थे। 1982 में उनके अपने कॉलेज के दिनों में शाह की भेंट नरेंद्र मोदी से हुई। 1983 में वे अखिल भारतीय विद्याथी परिषद से जुड़े और इस तरह उनका छात्र जीवन में राजनीतिक रुझान बना। शाह साहब 1997 सेचुनाव लड़ रहे है। पहले वे विधायक हुआ करते थे,अब देश के गृहमंत्री है। उनका खानदानी पेशा दलाली [ब्रोकरेज ] का है। शाह जी ने अब तक 5 विधानसभा चुनाव लाडे और जीत। लोकसभा का पहला चुनाव उन्होंने 2019 में लड़ा और जीते,जीते ही नहीं सीधे गृहमंत्री भी बनाये गए ,लेकिन बेचारे 27 साल में एक कार नहीं खरीद पाए।

अब आपको मै पूरे 543 नेताओं के हलफनामे तो दिखा नहीं सकता किन्तु जो दिलचस्प हैं उनकी बात अवश्य करता हूँ । अल्पसंख्यकों के नेता औबेसी का चुनावी हलफनामा औबेसी की सम्पत्ति का खुलासा करता है। चुनाव आयोग में भरे अपने हलफनामे में असदुद्दीन ओवैसी ने अपनी संपत्ति को लेकर खुलासा किया है. इसके मुताबिक उनके पास 2.80 करोड़ रुपए की चल संपत्ति हैं. इसमें कैश, सोना, बीमा जैसे चीजें शामिल हैं। ओवैसी की पत्नी के नाम पर 15.71लाख रुपए की चल संपत्ति दर्शाई गई है , जबकि उनके पास 16.01 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति भी है। 1994 से चुनावी राजनीति में सक्रिय औबेसी ओवैसी पर 7 करोड़ रुपए का लोन भी है। उन्होंने एक घर लोन पर लिया है जिसकी कीमत 3.85 करोड़ रुपए है।

सबसे दिलचस्प हलफनामा मध्य्प्रदेश के 18 साल मुख्यमंत्री रहे मामा शिवराज सिंह चौहान का है। विदिशा लोकसभा के बीजेपी प्रत्याशी नामांकन दाखिल करने वाले शिवराज सिंह चौहान ने चुनाव आयोग को दिए हलफनामे में बताया है कि उनके पास 1,24,85,475 रुपये की चल और 2,17,60,000 रुपये की अचल संपत्ति है. शिवराज की पत्नी साधना सिंह की संपत्ति भी 5 महीनों में 15 लाख रुपए बढ़ी है. अगर नकदी की बात करें तो शिवराज सिंह चौहान के पास कुल 2 लाख 5 हजार रुपये नकद हैं, वहीं उनकी पत्नी साधना सिंह के पास करीब 1 लाख 65 हजार रुपये नकद हैं. शिवराज सिंह चौहान के पास कोई कर्ज भार नहीं है, वहीं उनकी पत्नी साधना सिंह के ऊपर करीब 64 लाख रुपये का कर्ज है। मजे की बात ये की हमारे मामा के पास भी कोई कार नहीं है। मामा कार लेकर करते भी क्या।? उन्होंने तो पूरे १८ साल सरकारी हवाई जहाज और हैलीकाप्टर को स्कूटर की तरह जोता था।

हमारे देश में गरीबी अभिशाप और अमीरी वरदान है । लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों के हलफनामे देखकर आप चौंक सकते है। लेकिन मै आपको अभी तक आये हलफनामों के आधार पर बता सकता हूँ कि सबसे अमीर और सबसे गरीब प्रत्याशी कौन रहा । केंचुआ के आंकड़ों के मुताबिक सबसे अमीर उम्मीदवार मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से मौजूदा सांसद और कांग्रेस नेता नकुल नाथ हैं। वे मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे हैं और उनके पास 716 करोड़ रुपये की सम्पत्ति है। 2019 के लोकसभा चुनाव में नकुलनाथ मध्य प्रदेश से जीतने वाले इकलौते उम्मीदवार थे। दूसरी ओर, तमिलनाडु के थूथुकुडी से निदलीय चुनाव लड़ रहे पोनराज के सबसे गरीब उम्मीदवार हैं, क्योंकि चुनावी हलफनामे के अनुसार, उनके पास सिर्फ 320 रुपये की संपत्ति है।

भारतीय लोकतंत्र की यही विशेषता है कि यहां गरीब से गरीब और अमीर से अमीर व्यक्ति चुनाव लड़ सकता है। लोग बेकार ही चुनाव लड़ने के लिए इलेक्टोरल बांड के फेर में पड़ते हैं। हमारे शहर ग्वालियर से चाय बेचने वाले एक सज्जन सिर्फ इसलिए लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं कि कहीं उन्हें भी मोदी जी की तरह कोई मौक़ा मिल जाये। जाहिर है कि जितने भी प्रत्याशी हैं वे चुनाव आयोग की ही नहीं बल्कि देश की जनता की आँखों में धुल झौंकते हुए अपनी समपत्ति की जानकारी सार्वजनिक करते हैं। लेकिन इन हलफनामों की न किसी ने शिकायत की और न कभी किसी ईडी या किसी अदालत ने स्वयं संज्ञान लेकर इनकी जांच करने की जरूरत समझी। इस मामले में अज्ञानी रहने में ही समझदारी है।

हमारे यहां झूठी हलफ उठाने की पुरानी रिवायत है । लोग चुनाव लड़ते हैं तो संविधान की हलफ उठाते हैं और जब पंचायतों में जाते हैं तो गंगाजल को हाथ में लेकर हलफ उठाते हैं ,लेकिन सच कभी नहीं बोलते । नेताओं का सच तो लाइ डिटेक्टर मशीन भी नहीं उगलवा पाती ।

हलफनामें केवल देने के लिए होते हैं और गंगाजल हलफ उठाने के लिए। अदालतों में पवित्र गीता के नाम पर हलफ उठाई जाती है। इसके पीछे भी यदि सरकार खोज कराये तो पाएगी कि किसी सनातनी का दिमाग होगा ,अन्यथा अदालतों में हलफ उठाने के लिए गीता के साथ ही रामायण,कुरान ,बाइबल और गुरु ग्रन्थ साहिब को भी सूची में शामिल न किया जाता। लेकिन कहते हैं न कसमें,वादे, प्यार ,वफ़ा सब बातें हैं ,बातों का क्या ? सरकार खोज करके पहले ये बता ही चुकी है कि देश का संविधान बनाने में बाबा साहेब आम्बेडकर से ज्यादा सनातनियों का हाथ था।

बहरहाल मेरा सुझाव है कि केंचुआ को प्रत्याशियों के हलफनामे आँखें बंदकर स्वीकार नहीं कर लेना चाहिये । बाकायदा इनका सत्यापन होना चाहिए। जनता से इन पर आपत्तियां आमंत्रित की जाना चाहिए ,क्योंकि हमारे नेता जितने जमीन के ऊपर दिखाई देते हैं उससे कहीं ज्यादा वे जमीन के नीचे होते हैं। नेता किसी भी दल का हो उसके पास खाने और दिखने के दांतों का सेट अलग-अलग ही होता है। अब आपकी जिम्मेदारी है कि आप अपने क्षेत्र के प्रत्याशियों के हलफनामों पर यकीन करें या न करे। उन्हें चुनौती दें या न दें ?देश में इस मामले में जो घल्लू-घारा दशकों से चल रहा है वो आगे भी चलेगा ,क्योंकि हमारी केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण ने कह दिया है कि यदि मोदी जी तीसरी बार सत्ता में आये तो इलेक्टोरल बांड फिर से लाये जायेंगे। अबकी उन्हें संवैधानिक कपड़ा पहनाया जाएगा

(चिंतन-मनन)

## कर्म का फल हैं योनियां



जीवों में शरीर तथा इन्द्रियों की विभिन्न अभिव्यक्तियां प्रकृति के कारण हैं। कुल मिलाकर 84 लाख भिन्न-भिन्न योनियां हैं और ये सब प्रकृतिजन्य हैं। जीव के विभिन्न इन्द्रिय-सुखों से ये योनिया मिलती हैं जो इस या उस शरीर में रहने की इच्छा करता है। जब उसे विभिन्न शरीर प्राप्त होते हैं तो वह विभिन्न प्रकार के सुख तथा दुख भोगता है। उसके भौतिक सुख-दुख शरीर के कारण होते हैं, स्वयं उसके कारण नहीं। उसकी मूल अवस्था में भोग में कोई सन्देह नहीं रहता, अत: वही उसकी वास्तविक स्थिति है। वह प्रकृति पर प्रभुत्व जताने के लिए भौतिक जगत में आता है। वैपुंठ लोक शुद्ध है, किन्तु भौतिक जगत में प्रत्येक व्यक्ति विभिन्न प्रकार के शरीर-सुखों को प्राप्त करने के लिए संघर्षरत रहता है।

यह कहने से बात और स्पष्ट हो जाएगी कि यह शरीर इन्द्रियों का कार्य है। इन्द्रियां इच्छाओं की पूर्ति का साधन हैं। यह शरीर तथा हेतु रूप इन्द्रियां प्रकृति द्वारा प्रदत्त हैं और जीव को पूर्व आकांक्षा तथा कर्म के अनुसार परिस्थितियों के वश वरदान या शाप मिलता है। जीव की इच्छाओं तथा कर्मों के अनुसार प्रकृति उसे विभिन्न स्थानों में पहुंचाती है। जीव स्वयं ऐसे स्थानों में जाने तथा मिलने वाले सुख-दुख का कारण होता है।

एक प्रकार का शरीर प्राप्त होने पर वह प्रकृति के वश में हो जाता है। शरीर, पदार्थ होने के कारण प्रकृति के नियमानुसार कार्य करता है। उस समय शरीर में ऐसी शक्ति नहीं होती कि वह उस नियम को बदल सके।

सूक्ति

**धन बर्बाद करके आप निर्धन होते है लेकिन समय बर्बाद करके आप अपना जीवन नष्ट करते है।** - अज्ञात

**जब आप दो बुराइयों में से छोटी बुराई को चुनते है, तो याद रखें कि वह अभी एक बुराई ही है।** - मैक्स लर्नर

## राशिफल

**शुभ संवत 2081 शाके 1946, सौम्य गोष्ठ, चैत्र शुक्ल पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्व शुक्रोदय पश्चिमी तिथि 15 मंगलवार, चित्रा नक्षत्रे, भद्र योगे, ववकरणे, तुला की चंद्रमा, भद्रा दिन के सुबह 7/12 तुला राशि स्नान दान पूर्णिमा व्रत, हनुमान जयंती तथापि दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।**

आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, सुंदर, सुशील, बैंक कर्मचारी, लेखापाल, अकाउंटेंट, लिपिक, कैशियर, कम्प्यूटर इंजीनियर तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर होगा।

मेष राशि :- उन्नति, वाहनभय, शरीर-कष्ट, घरु-प्रवास से सफलता मिल सकती है, ध्यान दें।

वृष राशि :- खर्च, विद्या-बाधा, शुभ कार्य में खर्च, कष्ट, मांगलिक कार्य होगा, शुभ समाचार मिले।

मिथुन राशि :- राज से हानि, घरु-विवाद, आय-व्यय, शिक्षा-लेखन कार्य में रुकावट का योग बनेगा।

कर्क राशि :- संतान कष्ट, अधिक खर्च, शुभ धार्मिक कार्य एवं शुभ कार्य में बाधा बनेगी।

सिंह राशि :- सफलता से हर्ष, भय, तबादला, प्रसन्नता के योग बनेंगे, व्यापारिक सुख निश्चित ही मिलेगा।

कन्या राशि :- हानि, अपव्यय, रोग, मातृकष्ट, शिक्षा जगत संतोषप्रद रहेगा, ध्यान दें।

तुला राशि :- लाभ, संतोष, सुख, रोगभय, झंझट, लेखन कार्य में सामान्य प्रगति का योग बनेगा।

वृश्चिक राशि :- संतान लाभ, अभीष्ट-सिद्धी, स्वजन कार्यकष्ट, कार्यसिद्धी, यश, संतान-पुत्र से उपेक्षा होगी।

धनु राशि :- यात्रा में कष्टभय, स्त्री-कष्ट, कार्य-सिद्धी, धन लाभ, सामाजिक कार्य में व्यय होगा।

मकर राशि :- विवाद, यात्रा कष्ट, हानि, घरु कष्ट, नौकरी की स्थिति सामान्य होगी।

कुंभ राशि :- शुभ कार्य, भय, मुकदमे में जीत, धार्मिक कार्य होंगे, कुछ अच्छे कार्य सिद्ध होंगे।

मीन राशि :- रोगभय, अभीष्ट-सिद्धी, अल्प हानि, नौकरी में अनबन होती रहेगी, ध्यान दें।

# आखिर क्यों धधक रही है पृथ्वी?

**योगेश कुमार गोयल**

> एक और अहम कारण है बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि। जहां 20वीं सदी में वैश्विक जनसंख्या करीब 1.7 अरब थी, अब बढ़कर 8 अरब से भी ज्यादा हो चुकी है। अब सोचने वाली बात यह है कि धरती का क्षेत्रफल तो उतना ही रहेगा, इसलिए कई गुना बढ़ी आबादी के रहने और उसकी जरूरतें पूरी करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बड़े पैमाने पर दोहन किया जा रहा है, इससे पर्यावरण की सेहत पर जो जबरदस्त प्रहार हुआ है, उसी का परिणाम है कि धरती बुरी तरह धधक रही है। ब्रिटेन के प्रख्यात भौतिक शास्त्री स्टीफन हॉकिंग की इस टिप्पणी को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है

न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का निरन्तर बिगड़ता मिजाज गंभीर चिंता का सबब बना है। हालांकि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विगत वर्षों में दुनियाभर में दोहा, कोपेनहेगन, कानकुन इत्यादि बड़े-बड़े अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं किन्तु उसके बावजूद इस दिशा में अभी तक ठोस कदम उठते नहीं देखे गए हैं। दरअसल वास्तविकता यही है कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रकृति के बिगड़ते मिजाज को लेकर चर्चाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराये जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चर्चाएं और चिंताएं अथहीन होकर रह जाती हैं।

प्रकृति पिछले कुछ वर्षों से बार-बार भयानक आंधियों, तूफान और ओलावृष्टि के रूप में यह गंभीर संकेत दे रही है कि विकास के नाम पर हम प्रकृति से भयानक तरीके से जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप मौसम का मिजाज कब कहां किस कदर बदल जाए, कुछ भी भविष्यवाणी करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते दुनियाभर में मौसम का मिजाज किस कदर बदल रहा है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तरी ध्रुव के तापमान में एक-दो नहीं बल्कि बड़ी बढ़ोतरी देखी गई। मौसम की प्रतिकूलता साल दर साल किस कदर बढ़ती जा रही है, यह इसी से समझा जा सकता है कि कहीं भयानक सूखा तो कहीं बेमौसम अत्यधिक वर्षा, कहीं जबरदस्त बर्फबारी तो कहीं कड़ाके की ठंड, कभी-कभार ठंड में गमी का अहसास तो कहीं तूफान और कहीं भयानक प्राकृतिक आपदाएं, ये सब प्रकृति के साथ हमारे खिलवाड़ के ही दुष्परिणाम हैं और हमें यह सचेत करने के लिए पर्याप्त हैं कि अगर हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का बुरे तरीके से दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है।

हालांकि प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें चेतावनी भी देती रही है किन्तु जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित पुस्तक ह्यप्रदूषण मुक्त सांसेंह्न के अनुसार हम यह समझना ही नहीं चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम जो कंक्रीट के जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं बल्कि विकास के नाम पर हम अपने विनाश का ही मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। पहाड़ों में बढ़ती गर्माहट के चलते हमें अक्सर घने वनों में भयानक आग लगने की खबरें सुनने को मिलती रहती हैं। पहाड़ों की इसी गर्माहट का सीधा असर निचले मैदानी इलाकों पर पड़ता है, जहां का पारा अब हर वर्ष बढ़ता जा रहा है।

धरती का तापमान यदि इसी प्रकार साल दर साल बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा क्योंकि हमें यह बखूबी समझ लेना होगा कि जो प्रकृति हमें उपहार स्वरूप शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, शुद्ध मिट्टी तथा ढ़ेरों जनोपयोगी चीजें दे रही है, अगर मानवीय क्रियाकलापों द्वारा पैदा किए जा रहे पर्यावरण संकट के चलते प्रकृति कुपित होती है तो उसे सब कुछ नष्ट कर डालने में पल भर की भी देर नहीं लगेगी। करीब दो दशक पहले देश के कई राज्यों में जहां अप्रैल माह में अधिकतम तापमान औसतन 32-33 डिग्री रहता था, अब वह 40 के पार रहने लगा है। मौसम विभाग का तो अनुमान है कि अगले तीन दशकों में इन राज्यों में तापमान में वृद्धि 5 डिग्री तक दर्ज की जा सकती है और इसी प्रकार तापमान बढ़ता रहा तो एक ओर जहां जंगलों में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी होगी, वहीं धरती का करीब 20-30 प्रतिशत हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाएगा तथा एक चौथाई हिस्सा रेगिस्तान बन जाएगा, जिसके दायरे में भारत सहित दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य अमेरिका, दक्षिण आस्ट्रेलिया, दक्षिण यूरोप इत्यादि आएंगे।

सवाल यह है कि धरती का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? ह्यप्रदूषण मुक्त सांसेंह्न पुस्तक के मुताबिक इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है। पैट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है, जिसकी मौसम का मिजाज बिगाड़ने में अहम भूमिका है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील किया जाता रहा है। एक और अहम कारण है बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि। जहां 20वीं सदी में वैश्विक जनसंख्या करीब 1.7 अरब थी, अब बढ़कर 8 अरब से भी ज्यादा हो चुकी है। अब सोचने वाली बात यह है कि धरती का क्षेत्रफल तो उतना ही रहेगा, इसलिए कई गुना बढ़ी आबादी के रहने और उसकी जरूरतें पूरी करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बड़े पैमाने पर दोहन किया जा रहा है, इससे पर्यावरण की सेहत पर जो जबरदस्त प्रहार हुआ है, उसी का परिणाम है कि धरती बुरी तरह धधक रही है। ब्रिटेन के प्रख्यात भौतिक शास्त्री स्टीफन हॉकिंग की इस टिप्पणी को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है कि यदि मानव जाति की जनसंख्या इसी कदर बढ़ती रही और ऊर्जा की खपत दिन-प्रतिदिन इसी प्रकार होती रही तो करीब 600 वर्षों बाद पृथ्वी आग का गोला बनकर रह जाएगी। धरती का तापमान बढ़ते जाने का ही दुष्परिणाम है कि ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ पिघल रही है, जिससे समुद्रों का जलस्तर बढ़ने के कारण दुनिया के कई शहरों के जलमग्न होने की आशंका जताई जाने लगी है। बहरहाल, अगर प्रकृति से खिलवाड़ कर पर्यावरण को क्षति पहुंचाकर हम स्वयं इन समस्याओं का कारण बने हैं और हम वाकई गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं को लेकर चिंतित हैं तो इन समस्याओं का निवारण भी हमें ही करना होगा ताकि हम प्रकृपि के प्रकोप का भाजन होने से बच सकें अन्यथा प्रकृति से जिस बड़े पैमाने पर खिलवाड़ हो रहा है, उसका खामियाजा समस्त मानव जाति को अपने विनाश से चुकाना पड़ेगा।

न्यूज फ्लैश

## लोकसभा चुनाव के दौरान जांच अभियान में कार से शराब जब्त

**सिवान:** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यूपी की सीमा से ले शहर समेत पूरे जिले में उत्पाद विभाग की टीम जांच अभियान चला रही है. इस दौरान अवैध शराब को जब्त करने के साथ ही इस धंधे में संलिप्त लोगों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा रहा है. इसी के तहत उत्पाद विभाग की टीम ने जिले के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी में शराब जब्त करने के साथ ही पांच लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया गया. उत्पाद अधीक्षक अविनाश प्रकाश ने बताया कि मैरवा ढाला पर छापेमारी कर दो ऑटो से 8 पीएम स्पेशल व्हीस्की की 180 एमएल की 647 पीस जब्त की गई. इसमें 6.46 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई है. बंटी-बबली लाइम देशी शराब 200 एमएल की तीन कार्टन में 45 पीस जब्त की गई. उत्पाद अधीक्षक अविनाश प्रकाश ने बताया कि शराब के धंधे में संलिप्त गिरफ्तार किए गए में सभी पटना के विभिन्न थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं. इनमें नगीना राय, अखिलेश यादव, दीपक व रंजीत कुमार शामिल है. वहीं एक फरार हो गया.युवती के साथ दुरा मामले में केस दर्ज: थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती के साथ दुरा करने का मामला सामने आया है. इस मामले में पीड़िता ने सिसवन थाने में फर्द बयान देकर एफआईआर दर्ज कराई है. महिला हेल्पलाइन के प्रभारी अनिता कुमारी की समक्ष दिए गए बयान में उसने कहा है कि गांव का ही एक युवक 5 को उसके घर आया. उस वक्त घर पर उसके मां और पिताजी नहीं थे. पिताजी खेत में काम करने गए थे और मां समूह से पैसा लेने गई थी. घर में अकेले देख दबाव व भय दिखाकर उसे सिसवन के कठिया बाबा के पास ले गया और झाड़ी में ले जाकर उसके साथ दुरा किया. शार्ट सर्किट से लगी आग, हजारों की क्षति: थाने के पागुरकोठी गांव में की दोपहर बिजली की शार्ट सर्किट में उतपन चिंगारी से लगी आग में हजारों रुपये मूल्य के गेहूं का फसल जलकर खाक हो गया. घटना कि सूचना मिलते ही फायर विग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गयी. इसके बाद फायर विग्रेड के कमिर्यो के काफी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया. जबकि, आग की चपेट में आने से करीब आधा दर्जन किसानों के हजारों रुपये मूल्य का फसल जलकर खाक हो गया है. इधर शार्ट सर्किट से लगी आग के कारण बिजली विभाग के खिलाफ लोगों में काफी नाराजगी है, और स्थानीय ग्रामीण बिजली विभाग के कमी पर ही कारवाई की मांग कर रहे थे.

## ट्रक ने बच्चों से भरे ऑटो में मारी ठोकर, छात्र की गयी जान

पटना: सहदानी गांव स्थित एनएच 722 पर की शाम स्कूली बच्चों को ले जा रहे ऑटो में ट्रक ने ठोकर मार दी, जिसमें उफरौल के बसंत भगत के पुत्र करण कुमार (6) की मौत हो गयी. वहीं, ऑटो चालक सहित करीब आधा दर्जन बच्चे जख्मी हो गए. बसंत ने बताया कि एक सप्ताह पहले ही करण का नामांकन बखरा बिजली ऑफिस के समीप एक निजी स्कूल में कराया था. स्कूल से छुट्टी के बाद सभी बच्चे ऑटो से घर जा रहे थे. एनएच 722 से कोल्हुआ जाने के लिये जैसे ही ऑटो ने टर्न लिया, पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक ने ठोकर मार दी, जिससे ऑटो पलट गया. दबने से करण की मौत हो गयी. लोगों ने खदेड़ कर ट्रक चालक को पकड़ लिया.

### मीनापुर ट्रैक्टर ने वृद्ध को कुचला

हरका कल्याण गांव में की शाम मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्रॉली से कुचलकर श्यामनंदन शाही (85) की मौत हो गई. उनका भतीजा संजय शाही ने बताया कि चाचा घर के बगल में सड़क पर टहलने के लिए निकले थे. जख्मी हालत में अस्पताल लाया गया, लेकिन रास्ते में ही दम तोड़ दिया. प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राकेश कुमार ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी.

### हिल स्टेशन जाने के चलेगी स्पेशल ट्रैन

छपरा: गमी की छुट्टियों के दौरान लोग दर्शनिया और पहाड़ी नगर पालिका में जाग सकते हैं, इसलिए गमी की गमी के कारण रेलवे दर्शनिया भागलपुर से है और उसके लिए भी ट्रेनें चलाई जा रही हैं। है

मालदा टाउन-लालकुआं ग्रीष्मकालीन स्पेशल

मालदा टाउन से लालकुआं और स्पेशल मालदा टाउन के बीच नंबर 03415 24 अप्रैल से 26 अप्रैल तक चलेगी. प्रत्येक बुधवार को 5:15 बजे प्रस्थान करती है। ट्रेन 10 फेरेलगी है। वापसी में यह ट्रेन गुरुवार को रात 9:05 बजे रवाना होगी.अप्रैल से 27 जून के बीच चली ट्रेनों की संख्या 03416 लालकुआ। ट्रेन में सेकेंड सीट, स्लीपर और एसी कोच हैं। वहीं, रेलवे ने भागलपुर से खातीपुरा के बीच एक समर स्पेशल ट्रेन भी दी है, जो मालदा से भागलपुर तक थी.

### मालदा टाउन-खातीपुरा ग्रीष्मकालीन स्पेशल

ट्रेन संख्या 03409 मालदा टाउन-समर स्पेशल 25 अप्रैल से 30 जून के बीच मालदा से शाम 7:30 बजे 'होगा होगा' ट्रेन 03410 खातीपुरा-मालदा टाउन समर स्पेशल अतिपुरा से रात 9 बजे प्रस्थान करेगी। इस दौरान 26 अप्रैल 31 मई किया गया.

यह ट्रेन गुरुवार को मालदा से और रविवार को खातीपुरा से चलेगी. दोनों ट्रेनें कस्थव कहलगाम, सुल्तानगंज, मालपुर भी पहुंच चुकी हैं। 20 हजार से ज्यादा अतिरिक्त इंतजाम किये गये हैं.

## पुलिस ने 50 हजार ईनामी अपराधी पवन को गिरफ्तार किया



गया: जिले के टॉप- अपराधियों में शुमार 50 हजार का ईनामी कुख्यात अपराधी पवन राम गिरफ्तार किया गया. एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि गया पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त कारवाई में इसकी गिरफ्तारी की गयी.

लूट, डकैती, चोरी के कांडों में शामिल रहे पवन राम उर्फ पवन कुमार को बेलागंज टेम्पु स्टैंड से गिरफ्तार किया गया. मेन थाना क्षेत्र के कुरमथु का रहने वाला अपराधी पवन कुमार जो कई कांडों में फरार चल रहा था. वह बेलागंज टेम्पू स्टैंड आया हुआ है. उसके बाद कारवाई शुरू की गयी और उसे पकड़ा गया. इसके पास से एक स्मार्ट फोन बरामद किया गया है. पांच लाख रुपये व गहने लूट कर हो गया था फरार चंदौती थाना में 31 अगस्त 2022 में पीड़ित ने आवेदन दिया था कि पवन हथियार के साथ से पांच व्यक्तियों के साथ आये और जान मारने की धमकी देकर लॉकर में रखे पांच लाख रूपये व गहने लेकर फरार हो गया था. इस मामले में दो लोगों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था. जिनमें रविन्द्र पासवान उर्फ मुन्ना पासवान व योगेन्द्र कुमार को नकद व गहने के साथ गिरफ्तार किया गया था. वहीं पवन फरार चल रहा था. इसके खिलाफ चंदौती, चेरकी, मगध मेडिकल व कई कांड दर्ज है. इसे गिरफ्तार करने वाले पुलिस पदाधिकारी व कमिर्यो को पुरस्कृत किया जायेगा.

### कोंच से 17 वारंटी गिरफ्तार एक ही गांव से सभी धराए

लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस द्वारा वारंटी व अभियुक्तों की गिरफ्तारी तेज कर दी गयी है. कोंच थाने की पुलिस ने एक गांव से 17 वारंटी को गिरफ्तार किया है. कोंच थानाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह बताया कि सभी वारंटियों को बढ़ौना गांव से गिरफ्तार किया गया.

इसमें वारंटी रामाधार राम ,सुरिठ पासवान ,रामसिया राम, विनय यादव ,रामभजन पासवान, राजेंद्र राम, शंकर साव, रामईश्वर मोची ,भागीरथ मिस्त्रत्ती, मिथिलेश मिस्त्रत्ती, मुन्ना राम, महेश साव, फकीरचंद साव ,भुवनेश्वर राम, उपेंद्र राम ,बिंदेश्वरी साव ,रामसुभाग मोची को गिरफ्तार किया गया है.

## बिहार में शिक्षक भती परीक्षा 'पेपर लीक' मामले में 5 और गिरफ्तार

**पटना।**

अधिकारियों ने कहा कि बिहार पुलिस ने मार्च में आयोजित शिक्षक भती परीक्षा (टीआरई)-3 के कथित प्रश्न पत्र लीक की जांच के तहत मध्य प्रदेश से एक महिला सहित पांच और लोगों को गिरफ्तार किया है ।आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) द्वारा शनिवार देर रात जारी एक बयान के अनुसार, ₹सभी पांच आरोपी एक गिरोह का हिस्सा हैं...उज्जैन (मध्य प्रदेश) में गिरफ्तार किए गए हैं ।₹ उन्हें वापस पटना लाने के लिए ट्रांजिट रिमांड प्राप्त कर लिया गया है ।ह्वइसमें कहा गया है कि उनके कब्जे से महत्वपूर्ण सबूत एकत्र किए गए हैं और उन्हें सोमवार को पटना की अदालत में पेश किया जाएगा।

पेपर लीक के आरोपों के बाद बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने टीआरई-3 परीक्षा रद्द कर दी थी। परीक्षा की नई तारीख बाद में घोषित की जाएगी ।ळ्फ्र-3 परीक्षा 15 मार्च को 415 केंद्रों पर आयोजित की गई थी। परीक्षा में लगभग 3.75 लाख अभ्यथिर्यो ने भाग लिया ।ईओयू ने 16 मार्च को आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी ।ईओयू द्वारा एक विशेष टीम का गठन किया गया था, जिसने 15 मार्च को हज़ारीबाग (झारखंड) में कई स्थानों पर छापेमारी की और कथित पेपर लीक के मामले में 266 लोगों को गिरफ्तार किया।

# नीतीश कुमार ने कॉंग्रेसियो पर जमकर निशाना साधा

**किशनगंज।** सीएम नीतीश कुमार ने जिले के ठाकुरगंज के गांधी मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए राजद और कांग्रेस को परिवारवादी पाटी बताते हुए जमकर निशाना साधा। सीएम नीतीश कुमार जेडीयू उम्मीदवार मुजाहिद आलम के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने रविवार को यहां पहुंचे थे।



उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले पत्नी को बनाया फिर बेटा को बनाया और अब बेटी को बना रहे है सिर्फ इन्हे परिवार की चिंता है। वहीं कांग्रेस पाटी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने आजादी की लड़ाई लड़ी लेकिन आज एक परिवार के लोगो का कांग्रेस पर कब्जा है जिसकी वजह से कांग्रेस पाटी खत्म होता चला जा रहा है। सीएम ने कहा की नरेन्द्र मोदी और मेरा कोई परिवार नही है। हम दोनो का परिवार आप लोग है।

उन्होंने मुस्लिम समाज से अपील करते हुए कहा कि पहले मदरसा की स्थिति क्या थी और आज क्या है। हम लोगों ने बहुत काम किया है क्या आप लोग हमे भूल जायेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि राजद के राज में प्रजनन दर 4.3% था जिसके बाद जब हमने लड़कियों को पढ़ाना शुरू किया तब प्रजनन दर 2.9% हुआ। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं सरकार की उपलब्धियों से लोगो को अवगत करवाते हुए जेडीयू उम्मीदवार मुजाहिद आलम को वोट देने की अपील की।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वाहन जांच में 5.44 लाख रुपये बरामद

**बक्सर:** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आ संहिता लागू हो जाने के बाद प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है. इसी कड़ी में नगर के ज्योति चौक व यमुना चौक पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया था. जांच के दौरान पुलिस ने तीन लोगों के पास से 5.44 हजार रुपये बरामद किए है. बरामद राशि की जब्ती सूची बनाकर संबंधित व्यक्तियों को सौंप दिया गया है. इस अभियान में सीओ प्रशांत शांडिल्य और थानाध्यक्ष संजय कुमार शामिल थे.



आदर्श आ सहित नियम लागू होने के बाद कोई भी व्यक्ति पचास हजार से अधिक की राशि लेकर नहीं जा सकता है. इस नियम के तहत सीओ ने उड़नदस्ता के सहयोग से शहर के ज्योति चौक व यमुना चौक पर वाहन जांच शुरू किया था. ज्योति चौक पर एक व्यक्ति के पास एक लाख 41 हजार, दूसरे के पास से दो लाख रुपये बरामद हुए. वहीं, यमुना चौक पर एक व्यक्ति के पास से 2.30 लाख रुपये बरामद हुए हैं. तीनों लोग अपने निजी वाहन से थे. सीओ ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है. इसके बाद आगे की कारवाई की जाएगी. उन्होंने बताया कि इस तरह का अभियान लगातार चलता रहेगा.

सीआरपीएफ जवान के दो बेटे 72 घंटे से लापता: शहर के वीर कुंवर सिंह कॉलोनी में रहने वाले दो भाई बीते से ही लापता हैं. बच्चों के पिता सीआरपीएफ का जवान है. जो घर से सैकड़ों मील दूर है. बच्चों की मां ने इस संबंध में पुलिस को इत्तला दी है.

जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ जवान संजय सिंह का वीर कुंवर सिंह कॉलोनी में मकान है. उनके दोनों बेटे नितेश और करण मां के साथ यहीं रहते हैं. बीते को मां काम से बाजार गई. इसी बीच बच्चे घर से निकले और पता नहीं कहां चले गए. काफी खोजबीन के बाद भी बच्चों का कु पता नहीं चल पाया. सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. बच्चों के तलाश का प्रयास जारी है.

## पुलिस ने दो झपटमारों को किया गिरफ्तार

मुंगेर: रेल पुलिस ने 022 अप मिथिला एक्सप्रेस गाड़ी में बैठी महिला का मोबाइल झपट कर भागते हुए दो झपटमारों को दबोचा. महिला प्रमिला देवी के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर झपटमारों के पास से लूटी गई मोबाइल बरामद किया. गिरफ्तार झपटमारों की पहचान रक्सौल के श्रीरामपुर वार्ड निवासी भरत साह का पुत्र सुनील कुमार तथा रक्सौल के ओमशान्ति वार्ड निवासी श्यामबिहारी साह का पुत्र गोरख साह के रूप में हुई. रेल थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि प्लेटफार्म संख्या एक पर तैनात सिपाहियों की सजगता से एक बड़ी घटना को रोकने में सफलता हासिल हुई. सुगौली रेलवे स्टेशन से मिथिला अप एक्सप्रेस में रक्सौल से आ रही एक महिला यात्री के हाथ से गाड़ी खुलते ही मोबाइल झपट कर भागते झपटमारों पर उनकी नजर पड़ी. जवानों ने दौड़ कर उन्हें धर दबोचा. बताते चलें कि इसके पूर्व दारोगा बहाली में जा रही किशोरी से भी चलती गाड़ी में उनकी मोबाइल फोन छिनतई की घटना के दौरान विरोध करने पर ट्रेन से गिरने पर उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी थी.

### लिपिक सस्पेंड व कार्यपालक सहायक को किया सेवामुक्त

चकिया अनुमंडल कार्यालय में पदस्थापित निम्न वगीय लिपिक मनीष कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है. वहीं बिजली विभाग में निविदा पर कार्यरत कार्यपालक सहायक नाशिर हुसैन को डीएम सौरभ जोरवाल ने सेवा मुक्त कर दिया है.मनीष कुमार पर कार्य में शिथिलता बरतने, कार्यो के समय पर निष्पादन में आना-कानी करने,अनाधिकृत रूप से कार्यालय से गायब रहने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी चकिया ने पूर्व में तीन बार स्पष्टीकरण पूछा था. लिपिक की ओर से दिए गए जवाब भी संतोषजनक नहीं थे

## कुख्यात चुन्नू ठाकुर के मोबाइल फोन से खुलेंगे सफेदपोशों से रिश्ते के राज

**मुजफ्फरपुर:** कुख्यात चुन्नू ठाकुर की गिरफ्तारी के समय उसके पास से मिले मोबाइल फोन से उसके सफेदपोशों से रिश्तों का राज खुलेगा. उसकी गिरफ्तारी के बाद रहस्य खुलने के डर से पर्दे के पीछे के बड़े खिलाड़ी सहमे हुए हैं. बिहार समेत राज्यों में फैले शराब सिंडिकेट, बस संचालन में प्रोटेक्शन मनी के दम पर दबंगई और जमीन के धंधे में कई दिग्गज चुन्नू ठाकुर से जुड़े हैं. उसके मोबाइल में कई सफेदपोश, शराब माफिया, पटना से लेकर मुजफ्फरपुर तक के कई बस ऑनर और पुलिस अधिकारियों के नंबर सेव हैं. तीन लाख रुपए के इनामी चुन्नू ठाकुर से लगातार ये लोग संपर्क करते रहे हैं.

मुजफ्फरपुर, पटना, सीतामढ़ी, दरभंगा और मोतिहारी के कई सफेदपोश, बस ऑनर, शराब माफिया और जमीन के धंधेबाज से रुपए के लेन देन के हिसाब का चालान, डायरी आदि भी चुन्नू ठाकुर के घर से मिले हैं. शराब माफिया और जमीन के धंधेबाजों ने चुन्नू ठाकुर को अपना हस्ताक्षर युक्त ब्लैंक चेक तक दे रखा है. जब जितना चाहे राशि भर उनके खातों से रुपए निकाला जा सकता है. मुजफ्फरपुर से प्रतिदिन 00 बसों का परिचालन हो रहा है. इसके संचालन के लिए प्रति बस से हजार रुपए प्रतिमाह प्रोटेक्शन मनी की वसूली है. इससे सूबे में बसों के परिचालन के लिए प्रोटेक्शन मनी के बड़े कारोबार का अंदाजा लगाया जा रहा है. दबंग और सफेदपोश बस ऑनर तक बस परिचालन में प्रोटेक्शन के लिए उनकी सेवा ले रहे हैं. गिरफ्तारी से पहले सूचना लीक, हो रही जांच: चुन्नू ठाकुर के मोबाइल कॉल से उससे संपर्क रखने वाले पुलिस अधिकारियों की भी पोल खुलने वाली है. पुलिस ने चुन्नू ठाकुर की गिरफ्तारी रक्सौल बॉर्डर के पास से सुबह में की है. जब वह गिरफ्तार हुआ तब उसके साथ कोई अन्य नहीं पकड़ा गया. गिरफ्तारी के वक्त पुलिस सबसे पहले उसका मोबाइल कब्जे लिया. जब चुन्नू ठाकुर का मोबाइल पुलिस के कब्जे में था तो उसकी पत्नी किरण वंदना ने रात में ही गिरफ्तारी की सूचना पूरे जिले में फ्लैश कर दी. अब इसकी जांच चल रही है कि चुन्नू की गिरफ्तारी से पहले इसकी सूचना उसकी पत्नी को किसने दे दी. यह जांच चल रही है कि यह भेदिया पुलिस वाले थे या कोई अन्य. इस जांच से कई खाकीधारी की बेचैनी भी बढ़ गई है.

## एलकेजी के बच्चे को 7वीं के छात्र ने ब्लेड से किया घायल

**नालंदा:** थाना क्षेत्र के रतनपुरा गांव के समीप एक निजी स्कूल में वॉशरूम जाने के विवाद में वीं कक्षा के एक छात्र ने एलकेजी के छात्र को गर्दन पर ब्लेड मारकर जख्मी कर दिया. घायल छात्र को अस्पताल में भती कराया गया है.

घटना की जानकारी मिलने पर आक्रोशित परिजन स्कूल में पहुंच गए और प्रबंधन के खिलाफ हंगामा किया. उधर, घटना की भनक लगते ही स्कूल प्रबंधन समेत प्राचार्य फरार हो गये. शोर शराबा सुनकर मौके पर पहुंची पुलिस ने कारवाई का भरोसा दिलाया. उसके बाद लोग शांत हुए. जख्मी छात्र के पिता ने बताया कि उसी स्कूल में उनकी पत्नी भी शिक्षिका हैं. उसने ही फोन पर घटना की जानकारी दी. उसके बाद परिवार के लोग स्कूल पहुंचकर बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भती कराया.

बताया जाता है कि बच्चा शौच करने गया था, जहां वीं कक्षा का एक छात्र उसका मुंह और गला दबाने लगा. चिल्लाने पर जेब से ब्लेड निकाल कर गर्दन पर वार कर दिया. मामले को लेकर मोतीपुर थाना में विद्यालय प्रबंधन और छात्र के खिलाफ आवेदन दिया गया है. इधर, प्राचार्य से संपर्क किया गया तो फोन रिसीव नहीं किया. मोतीपुर थानाध्यक्ष राजन कुमार पांडे ने बताया कि स्कूल में दो बच्चों के बीच मारपीट की घटना हुई है. मामले की छानबीन की जाएगी. बोचहां में बदमाशों ने पिस्टल के बल पर बाइक लूटी: थाना क्षेत्र के सलहां मिर्जापुर के समीप की शाम बाइक सवार तीन बदमाशों ने पिस्टल के बल पर बाइक लूट ली और बंदरा की ओर भाग गये. पियर थाना क्षेत्र के बंगरा के मो. मोनिफ ने बताया कि वह बोचहां थाना क्षेत्र के एतवारपुर ताज गांव स्थित ससुराल से घर लौट रहा था. सलहां में बाइक सवार तीन बदमाशों ने घेर लिया. उसके बाद कान में पिस्टल सटा दी. पर्स और मोबाइल मांगने लगे. विरोध करने पर बाइक लूट कर फरार हो गए. थानाध्यक्ष राकेश कुमार यादव ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी का फुटेज खंगाला जाएगा. शीघ्र ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.



## सरकारी अस्पतालों में रेडियोलॉजिस्ट के अभाव में नहीं हो रही जांच

**दरभंगा:** जिले के सरकारी अस्पतालों में केवल गर्भवती महिलाओं को ही अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिल पाती है. अन्य मरीजों को निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर जाना पड़ता है. वहीं, अधिकतर निजी अल्ट्रासाउंड केंद्र नियमों की अनदेखी कर कार्य कर रहे हैं. हालांकि, पिले वर्ष प्रशासन ने जांच के दौरान 20 अल्ट्रासाउंड केंद्रों को सील किया था. इसकी जानकारी आरटीआई से प्राप्त सूचना से मिली है. जानकारी के अनुसार सदर व अनुमंडल अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की मशीन लगी है. रेडियोलॉजिस्ट के अभाव में केवल गर्भवती महिलाओं को इसका लाभ मिल पा रहा है. यदि कोई महिला गर्भवती नहीं है और वह किसी अन्य बीमारी से ग्रसित है. तब उसे भी अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं मिल पाती. उसे निजी अस्पताल में जाना पड़ेगा. डुमरांव स्थित नंदन गांव निवासी हरेकृष्ण सिंह ने जब इस संबंध में आरटीआई से इसकी जानकारी मांगी तो जवाब देते हुए सिविल सर्जन ने कहा है कि रेडियोलॉजिस्ट के अभाव में यह सुविधा नहीं मिल पा रही है. विभाग की ओर से रेडियोलॉजिस्ट पद पर बहाली होते ही सभी को यह सुविधा मिलने लगेगी.



महिला विशेष करती है अल्ट्रासाउंड

गर्भवती महिलाओं को परेशानी न हो. इस कारण महिला विशेषज्ञ डॉक्टर इस कार्य को संपादित करती है. सदर अस्पताल में इस पर पर डॉ.अवनी कुमारी की पोस्टिंग है. यदि वह किसी कारण छुट्टी पर चली जाती है. तब उस दिन आने वाली गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड कराए बगैर वापस लौटना पड़ता है. सदर अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार प्रतिदिन कम से कम 30 महिलाओं को इसका लाभ मिलता है. वहीं, डुमरांव अनुमंडल अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन काफी दिनों से रखा था. डीएम ने इस मशीन का उद्घाटन किया था. इसके बाद इसका जिम्मा सिमरी प्रखंड में पदस्थापित डॉ.प्रेमचंद्र प्रसाद को दिया गया है. वे सप्ताह में दो दिन व को ही अल्ट्रासाउंड करते हैं.

नियम विरूद्ध चलते हैं निजी अल्ट्रासाउंड केंद्र सिविल सर्जन कार्यालय में करीब 44 निजी अल्ट्रासाउंड केंद्र रजिस्टर्ड हैं. पिले वर्ष प्रशासन ने निबंधित व 12 गैर निबंधित अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच की थी. जिसमें अनियमितता पाई गई थी. प्रशासन ने इन सबको सील कर दिया था. आरटीआई से मिली जानकारी के अनुसार 19 के विरूद्ध मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के यहां वाद दायर किया गया है.

जबकि, एक संचालक की मौत हो गई है. सूत्रों का कहना है कि जिन अल्ट्रासाउंड केंद्रों को सील किया गया है. उसमें से अधिक ने पिले दरवाजे से मशीन निकालकर दूसरे स्थान पर अपना केंद्र धड़ल्ले से चला रहे हैं. साथ ही, कई निजी गैर निबंधित केंद्र हैं. जहां न तो महिला विशेषज्ञ डॉक्टर हैं, न ही रेडियोलॉजिस्ट हैं. यहां मरीजों का खूब दोहन होता है.

### विद्यालयों में दीक्षांत समारोह सह प्रवेशोत्सव समारोह आयोजित कर प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया

**भागलपुर:** प्रखंड के अलग-अगल उच्च माध्यमिक विद्यालयों में दीक्षांत समारोह सह प्रवेशोत्सव समारोह आयोजित कर प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया. दीक्षांत समारोह में पुरस्कार पाने में बेटियां अव्वल रहीं. अधिकतर विद्यालयों में प्रथम से तृतीय स्थान पाने वालों में छात्राओं की संख्या अधिक रही. इस अवसर पर उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय रघुनाथपुर में आयोजित कार्यक्रम में अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया. पुरस्कृत होने वाले बच्चों में वीं कक्षा में सोना कुमार, सिमरन कुमारी व पल्लवी, वीं कक्षा की भाग्यश्री, आशियाना, मयंक पाठक, ठी कक्षा की वैष्णवी कुमारी, विवेक कुमार व उज्जवल कुमार शामिल थी. राखी कुमारी, मासूम कुमारी, आशुतोष आनंद, प्रियांशु, पुष्पांजलअआदि शामिल थे.

न्यूज फ्लैश

## अलीरेजा को हराकर युवा भारतीय गुकेश ने एकल बढ़त हासिल की

टोरंटो

युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 13वें दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराकर एकल बढ़त हासिल की। इस तरह गुकेश अब तक के सबसे कम उम्र के विश्व चैम्पियनशिप दावेदार बनने की कोशिश में जुटे हैं। अब टूर्नामेंट में बस एक दौर बचा है। चेन्नई के 17 वर्षीय गुकेश अगर कैंडिडेट्स में विजेता बनते हैं तो विश्व चैम्पियन के खिताब के लिए उनकी भिड़ंत चीन के डिंग लिरेन से होगी। महिलाओं की स्पर्धा में कोनेरू हम्पी ने अन्ना मुजिचुक से ड्रा खेला जबकि वैशाली रमेशबाबू ने लेई टिंग्जी को पराजित किया। 22 साल की वैशाली ने इस तरह अपनी पिछली चार बाजियों में लगातार जीत दर्ज की है। रूस के इयान नेपोमनियाच्ची और अमेरिका के हिकारू नाकामुरा ने ड्रा खेला। गुकेश को संयम से खेलने का लाभ मिला और उन्होंने मुश्किल स्थिति में अलीरेजा की अंत में की गयी भूल का फायदा उठाया। गुकेश के अब 13 में से 8.5 अंक हैं जिससे वह नेपोमनियाच्ची, नाकामुरा और अमेरिका के फैबियानो कारूआना से आधा अंक आगे हैं। आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती छह छह अंक से संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं जबकि फिरोजा के 4.5 अंक और निजात अबासोव के 3.5 अंक हैं। कारूआना ने कड़े मुकाबले में प्रज्ञानानंदा को पराजित किया जबकि गुजराती ने अजरबेजान के अबासोव से ड्रा खेला।गुकेश का सामना अब अंतिम दौर की बाजी में नाकामुरा से होगा जबकि कारूआना की भिड़ंत नेपोमनियाच्ची से होगी। हालांकि चार खिलाड़ियों में से कोई भी इस प्रतियोगिता को जीत सकता है, लेकिन संभावनायें काफी हद तक गुकेश के पक्ष में हैं क्योंकि महज ड्रा भी उन्हें विश्व चैम्पियनशिप मैच के लिए सबसे कम उम्र के दावेदार के रूप में उभरने के लिए काफी हो सकता है। महिला वर्ग में झोंग्यी टान ने शीर्ष वरीय रूस की एलेक्सांद्रा गोरयाचकिना से ड्रा खेलने के बाद अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी और हमवतन टिंग्जी लेई पर पूरे एक अंक की बढ़त बनायी हुई है। वैशाली ने शानदार जीत से लेई की उम्मीदों पर पानी फेर दिया जबकि हम्पी ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक और बुल्गारिया की नुरूग्युल सालिमोवा ने रूस की कैटरीना लाग्नो से बाजी ड्रा कराकर अंक बांटे। लेई 7.5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर चल रही हैं। गोरयाचकिना, लाग्नो, हम्पी और वैशाली के 6.5 अंक हैं, ये सभी संयुक्त तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं। सालिमोवा और मुजिचुक पांच पांच अंक से संयुक्त सातवें स्थान पर हैं।

## सनराइजर्स हैदराबाद से करारी शिकस्त के बाद आमरे ने कप्तान पंत के फैसलों का बचाव किया

नई दिल्ली

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बड़े स्कोर वाले मैच में 67 रन की करारी शिकस्त का सामना करने के बाद दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे टीम के कप्तान ऋषभ पंत के टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने के साथ ललित यादव से शुरुआती ओवरों में गेंदबाजी करने जैसे फैसलों का बचाव किया। सनराइजर्स हैदराबाद ने सात विकेट पर 266 रन बनाने के बाद दिल्ली की पारी को 19.1 ओवर में 199 रन पर समेट कर 67 रन से बड़ी जीत दर्ज की। सनराइजर्स के सलामी बल्लेबाजों ने छह ओवर में रिकॉर्ड 125 रन बनाकर टीम को आक्रामक शुरुआत दिलायी। पंत ने पारी का दूसरा और चौथा ओवर ललित यादव से डलवाया जिन्होंने दोनों ओवर में 21-21 रन लुटाये। इस दौरान उनके खिलाफ पांच छक्के और दो चौके लगे। आमरे ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में टॉस जीतने के बाद पहले क्षेत्ररक्षण करने के फैसले का बचाव करते हुए कहा, ''हम कल जब अभ्यास के लिए आये थे तो मैदान पर ओस थी लेकिन आज ऐसा कुछ भी नहीं था। हमें ऐसी बल्लेबाजी का श्रेय (ट्रेविस) हेड को देना होगा। छह ओवर में 125 रन, यह पावर प्ले का रिकॉर्ड है। हेड और अभिषेक (शर्मा) ने शानदार बल्लेबाजी की। कुलदीप ने मैच में कुछ हद तक हमारी वापसी करायी।'' उन्होंने पावरप्ले में ललित से गेंदबाजी करने के फैसले पर कहा, ''हम यह देख रहे थे एसआरएच के सलामी बल्लेबाजों को कौन रोक सकता है। दूसरी टीमों के तेज गेंदबाजों को भी उन्हें रोकने में परेशानी हो रही है।'' दिल्ली के सहायक कोच ने कहा, ''हमारी सोच यह थी कि ललित स्थानीय खिलाड़ी है और उसे पिच के बारे में ज्यादा अच्छे से पता है। ऐसे में हम एक मौका लेना चाहते थे लेकिन जिस तरह से अभिषेक शर्मा ने स्पिनरों का सामना किया मुझे लगता है कि उसे श्रेय दिया जाना चाहिये। एक सोच थी ऑफ स्पिनर बायें हाथ के दो बल्लेबाजों के खिलाफ प्रभावी होगा। यह किसी जुऐ की तरह था जो नहीं चला।'' उन्होंने कहा कि लक्ष्य का पीछा करते समय अगर जैक फ्रेजर गुर्क दो और ओवर तक क्रीज पर रहते तो इसका रुख उनकी टीम की तरफ मुड़ सकता था। गुर्क ने महज 18 गेंद में पांच चौके और सात छक्के की मदद से 65 रन बनाकर सनराइजर्स के गेंदबाजों को सकते में डाल दिया था।

## प्रतिद्वंद्वी टीम के मुख्य गेंदबाजों को ध्यान में रख तैयारी करने का फायदा मिला : अभिषेक शर्मा

नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 12 गेंद में 46 रन की विस्फोटक पारी खेल सनराइजर्स हैदराबाद की बड़ी जीत की नींव रखने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा कि आईपीएल में प्रतिद्वंद्वी टीम के मुख्य गेंदबाजों को ध्यान में रख कर तैयारी करने का उन्हें काफी फायदा मिला है। अभिषेक ने शनिवार को यहां ट्रेविस हेड (32 गेंद में 89 रन) के साथ महज 38 गेंद में 131 रन की साझेदारी के दौरान पावरप्ले में 125 रन बनाने का रिकॉर्ड भी कायम किया। इस शानदार शुरुआत से सनराइजर्स हैदराबाद ने सात विकेट पर 266 रन बनाने के बाद दिल्ली की पारी को 19.1 ओवर में 199 रन पर समेट कर 67 रन से बड़ी जीत दर्ज की। उन्होंने अपनी पारी में छह छक्के लगाये जिसमें चार छक्के कुलदीप की गेंद पर आये। उन्होंने कहा कुलदीप की गेंदबाजी का वीडियो देखने से उन्हें फायदा हुआ। अभिषेक ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं व्यक्तिगत तौर पर स्पिनरों और विरोधी टीम के मुख्य गेंदबाजों के मुताबिक तैयारी करता हूं। इस साल भी मैंने कुलदीप के खिलाफ खेलने की तैयारी की थी क्योंकि वे उनके मुख्य गेंदबाज है। मैं उनका वीडियो देखता हूं। मैं अभ्यास सत्र में विरोधी टीम के गेंदबाजों की तरह गेंद डालने वाले किसी गेंदबाज के खिलाफ अभ्यास करने पर ध्यान देता हू। इससे काफी फायदा होता है।'' अपनी पारी में छह छक्के जड़ने वाले इस वामहस्त बल्लेबाज ने कहा कि उनकी मौजूदा लय उस कड़ी मेहनत का नतीजा है जो उन्होंने पिछले कुछ महीनों में की है। उन्होंने कहा, ''आईपीएल से पहले मैंने कड़ी मेहनत की थी। सैयद मुश्ताक ट्रॉफी (घरेलू टी20 टूर्नामेंट) में भी मैंने काफी मेहनत की थी इससे मुझे काफी फायदा हो रहा है।'' अभिषेक ने कहा कि वह काफी समय से हेड के प्रशंसक रहे है और उनके साथ बल्लेबाजी करने का अनुभव शानदार रहता है। हेड ने अपनी 32 गेंद की पारी में 11 चौके और छह छक्के लगाये। अभिषेक ने कहा, ह्यह्यट्रेविस को बल्लेबाजी करते देखना काफी मनोरंजक होता है। हम मैदान के बाहर भी आपस में काफी बातें करते है। वह ऐसे खिलाड़ी है जिसका मैं अनुसरण करना चाहता हूं। पंजाब (राज्य क्रिकेट टीम) के मेरे साथी जानते है कि मैं तीनों प्रारूप में हेड की बल्लेबाजी का सम्मान करता हूं। मेरी किस्मत अच्छी है कि वह हमारी टीम में है।'' अभिषेक बल्लेबाजी के साथ कामचलाऊ खब्बू गेंदबाज भी है। आईपीएल के मौजूदा और पिछले सत्र में हालांकि उन्हें गेंदबाजी का ज्यादा मौका नहीं मिला है। उन्होंने इस बारे में पूछे जाने पर कहा, ''मुझे लगता है कि सब को पता है कि मैं गेंदबाजी कर सकता हूं लेकिन 'इंपैक्ट प्लेयर' नियम के कारण टीम में एक अतिरिक्त गेंदबाज या बल्लेबाज होता है। हर हरफनमौला के साथ ऐसा हो रहा है यह पिछले साल भी था। मैं मानता हूं कि मुझे जब भी गेंदबाजी का मौका मिलेगा मुझे उसके लिए तैयार रहना चाहिये।'' अभिषेक लगातार अच्छी बल्लेबाजी कर राष्ट्रीय टीम का दरवाजा खटखटा रहे है। उनसे जब पूछा गया कि क्या उनके दिमाग में आगामी टी20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की बातें चल रही है तो उन्होंने कहा, इस तरह के मुद्दों पर मैंने हेड से बात की है

# आईपीएल में आज होगा राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस में मुकाबला

जयपुर




कप्तान संजू सैमसन की राजस्थान रॉयल्स की टीम आईपीएल में सोमवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी। इस मैच में नंबर एक स्थान पर चल रही राजस्थान का पलड़ा भारी है क्योंकि उसे अपने घरेलू मैदान का भी लाभ होगा। टीम ने अब तक 7 मैचों में 6 मैच जीते हैं और वह अंक तालिका में नंबर एक स्थान पर है। टीम का प्लेऑफ में पहुंचना तय है। वहीं दूसरी ओर हार्दिक पंड्या की कप्तानी में मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन अब तक उम्मीद के अनुरुप नहीं रहा है। मुम्बई की टीम ने अब तक 3 मुकाबले ही जीते हैं। 3 जीत हासिल की है।

यह इस सत्र का आखिरी मुकाबला होगा। अभी तक यहां की पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी रही है। इसमें किसी भी मैच में 200 का स्कोर नहीं बना। यहां 197 का लक्ष्य भी हासिल हो चुका है। ऐसे में पिच एक बार फिर बल्लेबाजी के लिए आसान होने वाली है। यही वजह है कि 200 रन बनने पर किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए। पहले गेंदबाजी यहां लाभदायक होगी।

जयपुर में तेज गरमी से खिलाड़ियों के लिए खेलना आसान नहीं रहेगा। इस मैच में राजस्थान की बल्लेबाजी सैमसन के अलावा पराग , जोस बटलर और यशस्वी जायसवाल पर आधारित रहेंगी। टीम के पास ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल जैसे गेंदबाज हैं।

मुंबई की बल्लेबाजी पंड्या के अलावा रोहित शर्मा और सूयर्कुमार पर आधारित रहेगी जबकि गेंदबाजी की कमान जसप्रीत बुमराह के पास रहेगी।


दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं।

राजस्थान रॉयल्सः संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, आवेश खान , रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर-कैडमोर, आबिद मुश्ताक, नांद्रे बर्गर, तनुष कोटियन और केशव महाराज।

मुंबई इंडियंसः हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूयर्कुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएट्जी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, इशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कातिर्केय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, हार्विक देसाई, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

## उथप्पा बोले मानसिक रुप से निराश हैं पांड्या

नई दिल्ली



पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने कहा है कि ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या मानसिक रुप से परेशान होने के कारण आईपीएल सत्र में अबतक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। पांड्या को इस सत्र में मुम्बई इंडियंस की कप्तानी दी गयी थी पर वह गेंद और बल्ले के अलावा कप्तानी कौशल में भी सफल नहीं हुए हैं। उथप्पा के अनुसार रोहित शर्मा की जगह टीम की कप्तानी संभालने के बाद से ही पांड्या प्रशंसकों की हूटिंग का शिकार हुए हैं जिससे उनका मानसिक स्वास्थ्य खराब हुआ है। उन्हें प्रशंसकों की ओर से लगातार नकारात्मकता मिल रही है। पहले 7 मैचों में मुंबई ने नए कप्तान हार्दिक के नेतृत्व में केवल तीन जीत हासिल की हैं।

हार्दिक का बचाव करते हुए उथप्पा ने कहा कि प्रशंसकों का उनके प्रति व्यवहार सही नहीं है। उथप्पा ने कहा, वह एक ऐसा व्यक्ति है जिसमें भारतीय टीम के लिए सवर्कालिक महान बनने की क्षमता है। जिस टीम ने उसे खोजा था, उसने उसे जाने दिया, वह दूसरी फ्रेंचाइजी में चला गया। उनके साथ 3-4 खिताब जीतने के बाद वह चला गया। उसे थोड़ा बुरा लगा होगा, वह गुजरात टाइटंस में गया, एक खिताब जीता और दूसरे में उपविजेता रहा।

उथप्पा ने कहा, मजाक, ट्रोलिंग, उनकी फिटनेस के बारे में मीम्स। आपको उसे दुख होता है। यह किसी भी इंसान को हताश करता है। साथ ही कहा कि हम लोग, भारतीय होने के नाते, भावुक हैं। लेकिन किसी भी इंसान के प्रति इस तरह का व्यवहार करना हमारे लिए अशोभनीय है, हमें इन मीम्स पर हंसना नहीं चाहिए और न ही उन्हें आगे भेजना चाहिये।

उन्होंने कहा, एक कॉर्पोरेट व्यक्ति का काम टेलीविजन पर आलोचना करना या उसके बारे में राय रखना नहीं है। जब ऐसा मामला होता है, तो आपको दूसरे व्यक्ति के प्रति एक निश्चित मात्रा में सहानुभूति और सम्मान का व्यवहार करना होगा ताकि उन्हें विफल होने दिया जा सके। एक देश के रूप में हमने जो सबसे खूबसूरत चीजें की हैं उनमें से एक है हमारे प्यार की अभिव्यक्ति और हमारे भारतीय के प्रति हमारी प्रतिक्रिया, विश्व कप हारने के बाद हमें एक समाज और भारतीय के रूप में ऐसा ही होना चाहिए।

## अभिषेक ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी का राज बताया

नई दिल्ली

सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने इस सत्र में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। अभिषेक ने पारी की शुरुआत करते हुए कई आक्रामक पारियां खेली हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इस बल्लेबाज ने 12 गेंद में ही 46 रन बना दिये थे।अब अभिषेक ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के पीछे छिपा राज बताया है। अभिषेक ने कहा कि आईपीएल में प्रतिद्वंद्वी टीम के मुख्य गेंदबाजों को ध्यान में रखकर तैयारी करने से उन्हें लाभ हुआ है। अभिषेक ने ट्रेविस हेड के साथ केवल 38 गेंद में 131 रन की साझेदारी की थी। उन्होंने पावरप्ले में 125 रन बनाने का रिकॉर्ड भी इसी सत्र में अपने नाम किया है। उन्होंने इस सत्र में कुलदीप यादव को भी नहीं छोड़ा। उन्होंने चार छक्के कुलदीप की गेंद पर लगाये हैं। इसी को लेकर अभिषेक ने कहा कि कुलदीप की गेंदबाजी का वीडियो देखने का उन्हें लाभ हुआ। अभिषेक ने कहा, ह्यह्य मैं स्पिनरों और विरोधी टीम के मुख्य गेंदबाजों के अनुसार तैयारी करता हूं। इस साल भी मैंने कुलदीप के खिलाफ खेलने की तैयारी की थी क्योंकि वे उनके मुख्य गेंदबाज है। मैं उनका वीडियो देखता हूं। मैं अभ्यास सत्र में विरोधी टीम के गेंदबाजों की तरह गेंद डालने वाले किसी गेंदबाज के खिलाफ अभ्यास भी करता हूं। इससे भी मुझे लाभ मिलता है। अपनी पारी में छह छक्के लगाने वाले इस बल्लेबाज ने कहा कि उनकी मौजूदा लय कड़ी मेहनत से आई है।

## टी20 विश्व कप के लिए जगह बनाने का प्रयास कर रहे कार्तिक

कोलकाता

आईपीएल के इस सत्र में शानदार बल्लेबाजी करने वाले अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने कहा है कि वह अवसर मिला जो जून में होने वाले टी20 विश्वकप को खेलेंगे। कार्तिक के अनुसार वह टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए सभी प्रकार से प्रयास करेंगे।

38 साल के कार्तिक की बढ़त उम्र से उनके टी20 विश्वकप में चयन पर आशंकाएं हैं।

आईपीएल के इस सत्र में इस अनुभवी बल्लेबाज ने 205 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से शानदार बल्लेबाजी की है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से वह विराट कोहली और कप्तान फाफ डुप्लेसी के बाद टीम के तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। इस बल्लेबाज ने कहा कि वह विश्वकप खेलने के लिए बेसब्र हैं। साथ ही कहा कि इस टी20 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के अलावा मेरी जिंदगी में इससे बड़ा कुछ नहीं होगा।

कार्तिक की राह आसान नहीं है। टीम में विकेटकीपर के स्थान के लिए काफी प्रतिस्पर्धा होगी जिसमें भारतीय टीम ज्यादा से ज्यादा दो खिलाड़ियों को चुन सकती है। वापसी करने वाले ऋषभ पंत ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है और वह जगह के प्रबल दावेदार हैं। इसके अलावा कार्तिक को। संजू सैमसन , ईशान किशन , केएल राहुल जैसे विकेटकीपर बल्लेबाजों से भी प्रतिस्पर्धा करनी होगी। वहीं कार्तिक ने कहा कि ये तीन जो भी फैसला करेंगे, वह उसका सम्मान करेंगे। इनका प्रयास रहेंगा कि विश्व कप के लिए सर्वश्रेष्ठ भारतीय टीम होनी चाहिए।

## बलराज पंवार ने भारत को नौकायन में पहला पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया

नई दिल्ली



बलराज पंवार ने रविवार को दक्षिण कोरिया के चुंग्जू में 2024 विश्व एशियाई और ओसनियाई ओलंपिक एवं पैरालंपिक क्वालीफिकेशन रेगाटा में पुरुष एकल स्कल स्पर्धा में तीसरे स्थान पर रहकर भारत को नौकायन में पहला पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया। भारतीय सेना के 25 वर्षीय पंवार पिछले साल चीन के हांग्झोउ में अपने पहले एशियाई खेलों में कांस्य पदक से चूक गये थे। उन्होंने 7:01.27 मिनट का समय निकालकर 2000 मीटर रेस में तीसरा स्थान हासिल कर ओलंपिक कोटा प्राप्त किया। पुरुष एकल स्कल में शीर्ष पांच नौकाचालक ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करते हैं। पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स में देश क्वालीफाई नहीं कर सका। भारत ने पिछले तोक्यो ओलंपिक में इस स्पर्धा में हिस्सा लिया था। उज्जवल कुमार और अरविंद सिंह की भारतीय जोड़ी तीसरे स्थान पर रही जबकि इसमें शीर्ष दो जोड़ी कोटा हासिल करती हैं। भारत इस तरह 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक में नौकायन में एक ही स्पर्धा में हिस्सा लेगा। अर्जुन लाल और अरविंद सिंह ने तोक्यो ओलंपिक में पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल में भारत का प्रतिनिधित्व किया था और वे 11वें स्थान पर रहे थे। एशियाई क्वालीफायर भी एशियाई रोइंग कप के साथ ही कराये जा रहे हैं जिसमें भारत ने सलमान खान और नितिन देओल की बदौलत पुरुष डबल स्कल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। इसके एक दिन बाद हरियाणा के करनाल के पंवार ने धीमी शुरूआत के बाद दबदबा बनाया और तीसरे स्थान पर रहने में सफल रहे। कजाखस्तान के व्लादिस्लाव याकोवलेव (6:59.46) ने स्वर्ण पदक और इंडोनेशिया के मेमो मेमो ने दूसरा स्थान हासिल किया।

## हेड की ताबड़तोड़ पारी के दम पर सनराइजर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 67 रन से हराया

नई दिल्ली



ट्रैविस हेड (32 गेंदो पर 89 रन) और अभिषेक शर्मा (12 गेंदो पर 46 रन) के बीच 131 रन की तूफानी शतकीय साझीदारी के बाद थंगारसु नटराजन (19 रन पर चार विकेट) के उम्दा प्रदर्शन की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 35वें मुकाबले में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स को 67 रनों के विशाल अंतर से हरा दिया।

अरुण जेटली स्टेडियम में टॉस जीत कर पहले खेलते हुये हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 266 रन बनाये जिसके जवाब में मेजबान टीम 19.1 ओवर में 199 रन पर ढेर हो गयी। आईपीएल के मौजूदा सत्र में यह तीसरा मौका है जब हैदराबाद ने 250 रन से अधिक का स्कोर खड़ा किया है। इस जीत के साथ सनराइजर्स हैदराबाद अंकतालिका में राजस्थान रायल्स के बाद दूसरी पायदान पर पहुंच गयी है वहीं दिल्ली कैपिटल्स सातवें नंबर पर लुढ़क गयी है।

हैदराबाद की जीत की गाथा हेड और शर्मा ने मैदान के चारों ओर रनों की बौछार कर लिख दी थी जबकि नटराजन और मयंक मार्कंडेय (26 रन पर दो विकेट) ने अपनी उम्दा गेंदबाजी से जीत के लक्ष्य को बौना कर दिया। दिल्ली के कुलदीप यादव (55 रन पर चार विकेट) ने हालांकि हेड और शर्मा की जोड़ी को निपटा कर दिल्ली को सांस लेने का अवसर दिया था मगर नितीश कुमार रेड्डी (37) और शाहबाज़ अहमद (59 नाबाद) ने तेज गति से रन बटोरते हुये दिल्ली के लिये एक चुनौतीपूर्ण लक्ष्य तैयार कर दिया था।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरुआत निराशाजनक तरीके से हुयी जब उसने दो शुरुआती विकेट मात्र 25 रन पर गंवा दिये मगर जेक फ्रेज़र-मक्गर्क (18 गेंद पर 65 रन) और अभिषेक पोरेल (42) ने 30 गेंदों में 84 रन की साझीदारी कर दिल्ली की उम्मीदों को हवा दे दी। इन दोनो धाकड़ खिलाड़ियों को मयंक मार्कंडेय ने निपटा कर दिल्ली का दिल तोड दिया। कप्तान रिषभ पंत (44) ने हालांकि लक्ष्य के करीब पहुंचने की सुस्त कोशिश की मगर उनके इस प्रयास पर भी पुछल्ले बल्लेबाजों ने अपना विकेट जल्दी गंवा कर पलीता लगा दिया।

थंगारसु नटराजन ने एक के बाद एक चार विकेट चटका कर जीत के अंतर को और भी बढा दिया। इससे पहले वशिंगटन सुंदर और भुवनेश्वर कुमार ने सलामी जोड़ी को सस्ते में निपटा कर हैदराबाद की राह आसान कर दी थी। फ्रेजर ने 28 मिनट क्रीज पर रह कर दिल्ली की फिजां की गमी को बढाया था।

इससे पहले कुलदीप यादव ने अपने एक ओवर में अभिषेक और एडन मारक्रम (1) को आउट कर हैदराबाद के तेवर को ठंडा किया था। इस बीच शतक की ओर बढ रहे ट्रेविस हेड भी कुलदीप के अगले ओवर में उनका तीसरा शिकार बने जब आफ स्टांप से बाहर जा रही गेंद को पुल करने के प्रयास में लॉन्ग ऑन बाउंड्री पर ट्रिस्टन स्टब्स ने आगे की ओर डाइव लगाकर उनका शानदार कैच लपक लिया। उन्होने 42 मिनट क्रीज पर रहकर 11 चौके और छह छक्के लगाये।

पारी के दसवें ओवर में अक्षर पटेल ने हाइनरिक क्लासन (15) को क्लीन बोल्ड आउट कर रनो की रफ्तार को पूरी तरह काबू में कर लिया। नितीश कुमार रेड्डी (37) ने हालांकि कुछ अच्छे शाट्स खेल कर रन गति को बढाने का प्रयास किया मगर कुलदीप की नजरों से वह भी नहीं बच सके जब मिडिल स्टंप पर फेंकी गयी गुड लेंथ गेंद को पुल करने के प्रयास में वह लांग आन पर खड़े डेविड वार्नर को कैच थमा बैठे।

आखिरी के ओवरों में शाहबाज़ अहमद (59 नाबाद) ने तेज गति से रन बटोरते हुये टीम के स्कोर को 250 के पार पहुंचाया मगर दूसरे छोर पर अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने के कारण वह टीम के स्कोर को 300 के स्कोर के आसपास भी पहुंचाने में असफल रहे। कुलदीप यादव 55 रन देकर चार विकेट झटके जबकि मुकेश कुमार और अक्षर पटेल को एक एक विकेट मिला। कप्तान पैट कमिंस दूसरा रन चुराने के चक्कर में पहली ही गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे।

वर्ष-59, रजिस्ट्रेशन संख्या : WB HIN/00780 **अखबार के स्वामी** : के के एम पब्लिशर के लिए **मुद्रक एवं प्रकाशक** राजीव नयनम द्वारा प्रकाशित तथा एल.एस. पब्लिकेशन प्रा.लि. 4 केनाल वेस्ट रोड, कोलकाता-15 से मुद्रित और के के एम पब्लिशर, 7 मैंगोलेन (प्रथम तल), कोलकाता-700001 से प्रकाशित.
संपादक- अशोक पांडेय*, फोन- 033-48032897 मेल- sutrakaar.news@gmail.com